# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

■ वर्ष:1 ■ अंक: 20 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शुक्रवार ■ 29 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117




केंद्र ने संघीय ढांचे को कमजोर... पेज- 8



स्वरोजगार के लिए अंत्योदय परिवारों ... पेज- 3

न्यूज डायरी

## हरित क्रांति के जनक, एम एस स्वामीनाथन का निधन



**नई दिल्ली।** देश में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के अनुसार मशहूर कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उन्होंने चेन्नई में अंतिम सांस ली।बता दें स्वामीनाथन को फादर ऑफ ग्रीन रिवॉल्यूशन भी कहा जाता है।स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी। स्वामीनाथन के निधन की खबर सुनते ही पीएम मोदी ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा देश के लिए काम किया।

## सीमेंट के दाम बढ़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमेंट कंपनियां मांग कम होने के बावजूद कार्टेल बनाकर एक बार फिर एक अक्टूबर से 15 रुपये प्रति बोरी की बढ़ोतरी करने वाली हैं। इस बारे में डीलरों को इसकी सूचना दे दी है। सीमेंट कंपनियों के मुताबिक उत्पादन लागत बढ़ जाने के कारण कीमत बढ़ाई जा रही है। अगस्त तक 310 से 320 रुपये बोरी बिकने वाली सीमेंट की कीमत एक सितंबर को एक साथ 50 रुपये बढ़ा देने के बाद रिटेल में प्रति बोरी 360 रुपये पहुंच चुकी है।इस बढ़ोतरी से यह बाजार में रिटेल में 400 रुपये बोरी तक पहुंच जाएगी। प्रायःबारिश समाप्त होने के बाद सीमेंट कंपनियां कीमत में वृद्धि कर इदेती हैं, इसका कारण है इस मौसम के बाद निर्माण कार्यों में तेजी आ जाती है।

## हरियाणा में शिक्षकों के 38 हजार पद खाली पड़े

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा की उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर को सीधे चुनौती दी है कि वे राज्य में एक भी स्कूल का मॉडल दिखाएं, जिसका रिजल्ट और इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर हुआ हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के 38 हजार पद खाली पड़े हैं। वह गुरुवार को यहां पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री से कहा कि वे दिल्ली जाते रहते हैं, इसलिए एक बार दिल्ली के स्कूलों का मॉडल जरूर देखकर आएं। आप नेता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहीद भगत सिंह के नाम से बच्चों के एनडीए और आर्मी में जाने के लिए स्कूल बनाया। इस बार 76 बच्चे एनडीए की परीक्षा में बैठे और 32 ने क्वालीफाई किया, जबकि अफसोस की बात है।


### शहरी निकायों में भुगतान प्रक्रिया को सरकार ने बनाया अधिक पारदर्शी

# शहरी निकाय अध्यक्षों को दस दिन के भीतर लेना होगा भुगतान पर फैसला

### दस दिन के भीतर एक बार अवश्य करनी होगी पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने नगर पालिका परिषद और नगर पालिका समिति में विकास कार्यों की बदौलत होने वाली पेमेंट में पारदर्शिता बढ़ाते हुए नियमों को सख्त कर दिया है, ताकि भुगतान में किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो सके। शहरी निकाय अध्यक्षों के लिए कुछ दिनों पहले बढ़ाए गए वित्तीय अधिकार के प्रयोग में शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग ने कुछ शर्तें जोड़ी गई हैं। इन शर्तों के तहत हर बिल के भुगतान पर शहरी निकाय द्वारा 10 दिन के भीतर फैसला किया जाएगा। इसके साथ ही, पेमेंट अप्रूवल कमेटी की 10 दिन में एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि काम तेजी से सिरे चढ़ेंगे और ठेकेदारों को भी समय से अपने काम का भुगतान मिल सकेगा। इससे वह अनावश्यक रूप से काम को लंबा नहीं खींचेंगे और उसको जल्दी पूरा कराएंगे।



स्थानीय निकाय की भुगतान अप्रूवल कमेटी का चीफ बनाया गया है। इसके साथ ही, 50 लाख रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए संबंधित डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ हुई

### इन शर्तों का करना होगा अनुपालन

शहरी निकाय विभाग के सचिव विकास गुप्ता ने ठेकेदारों को पेमेंट जारी करने के नियमों में कुछ शर्तें जोड़ी हैं। इनमें नगरपालिका कार्यों की ई- टेंडरिंग, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भुगतान वृद्धि राशि की मंजूरी, भुगतान की मंजूरी से पहले जिला स्तरीय निगरानी समिति की सिफारिश और कुछ ठेकेदारों के पक्ष में कार्यों का विभाजन ना करना शामिल रहेगा।

सरकार के द्वारा नगर पालिका परिषद और समिति अध्यक्ष को 50 लाख रुपए तक के भुगतान के लिए संबंधित शहरी शहरी निकाय अध्यक्षों की 11 सदस्यीय कमेटी की बैठक में प्रधानों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई गई थी।

### भुगतान के तय किए नए नियम

50 लाख रूपए तक के भुगतान के लिए अप्रूवल कमेटी के चीफ होंगे एमसी अध्यक्ष, 50 लाख से अधिक के भुगतान के लिए एमसी आयुक्त को मिली जिम्मेदारी, पेमेंट अप्रूवल कमेटी की महीने में तीन बैठक आयोजित होनी चाहिए,सभी योजनाओं के लिए ई टेंडरिंग प्रकिया जरूरी।

### ये लोग होंगे कमेटी में शामिल

भुगतान जारी करने के लिए नागरिक निकायों को एक समय सीमा दी गई है। जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद के मामले में मुख्य कार्यकारी अधिकारी या नगर पालिका परिषद-नगरपालिका समिति के कार्यकारी अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। संबंधित पार्षद, जिनके वार्डों में विकास कार्य हुए हैं, वे भी भुगतान अनुमोदन समिति के सदस्य होंगे। बैठक की तिथि, समय और स्थान तय करने का अधिकार नगर निकाय अध्यक्ष को दिया गया है।


### पूर्व सीएम ने गठबंधन सरकार पर साधा निशाना

# गठबंधन सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं : हुड्डा

### वादे करे खोखले और इस सरकार का काम किसानों को सिर्फ परेशान करना

**भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी-जेजेपी सरकार का मकसद फसल की खरीद करना नहीं बल्कि किसानों को परेशान करना है। सरकार द्वारा ऐलान किए जाने के बावजूद मंडियों में धान और बाजरे की खरीद नहीं हो रही है। क्योंकि सरकार ने धान खरीद का ऐलान तो कर दिया लेकिन साथ में कई तरह की शर्तें थोप दी गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमेशा की तरह खरीद शुरू होते ही पोर्टल ने काम करना बंद कर दिया, इससे जे-फॉर्म और ई-फॉर्म नहीं बन पा रहे। पूर्व सीएम ने कहा कि मंडियों में फसल की आवक जोरों पर है, लेकिन अब तक उठान का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया। प्रदेश की सारी मंडियां और मंडियों की तरफ जाने वालीं सड़कें पूरी तरह जाम हो चुकी हैं।हुड्डा ने कहा कि फसल उठान के लिए भी सरकार ने जीपीएस की नई शर्त लगा दी, जिससे टेंडर लेने वालों को उठान में देरी का बहाना मिल गया है। सरकार द्वारा मंडियों में खरीद, उठान और पेमेंट की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही। जानबूझकर किसानों को सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि मंडियों में करीब 20 लाख क्विंटल धान आ चुका है लेकिन खरीद मुश्किल से पांच लाख क्विंटल की ही हुई है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 लाख क्विंटल धान मंडियों में है। इसी तरह 3.50 लाख क्विंटल बाजरा मंडियों में आ चुका है, लेकिन खरीद करीब 40 हजार क्विंटल की ही हुई है। सरकार द्वारा खरीद में की जा रही लेटलतीफी का लाभ प्राइवेट एजेंसियां उठा रही हैं।



मजबूरी में किसानों को एमएसपी से कम रेट पर फसल बेचनी पड़ रही है। उसे धान पर प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपए और बाजरे पर 500-600 रुपये का घाटा हो रहा है।

### एशियन गेम्स में जारी है भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

# चौथे दिन 6 गोल्ड मेडल समेत 24 पदक देश के नाम किए

**हांगझोऊ, एजेंसी।**

चीन में चल रहे एशियन गेम्स 2023 के पांचवें दिन वुशू में रोशिबिना देवी ने भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। बैडमिंटन में पीवी सिंधु और अश्मिता चालिहा ने आशान जीत दर्ज की। इस प्रकार भारत ने चौथे दिन 6 गोल्ड मेडल समेत कुल 24 पदक प्राप्त किए। इन खेलों के पांचवें दिन की शुरुआत में भारतीय शूटर्स ने अपना जलवा दिखाया। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष स्पर्धा में भारत ने गोल्ड मेडल जीता। अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल की तिकड़ी ने ये मेडल दिलाया। वुशू में रोशिबिना देवी ने भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई और सिल्वर मेडल पर कब्जा किया । बैडमिंटन में पीवी सिंधु और अश्मिता चालिहा ने आशान जीत दर्ज की। सिंधु ने मंगोलिया के खिलाफ मैच से शुरुआत की।भारत के अनूश अग्रवाला ने घुड़सवारी ड्रेसेज व्यक्तिगत में कांस्य पदक जीता।भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने अंतिम पूल बी मैच में मलेशिया से 0-3 से हार के बावजूद कम से कम दो ब्रॉन्ज मेडल पक्के कर लिए। मलेशिया और भारत ने अपने पूल में टॉप दो स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

### पदक की ओर जैसमिन का पंच

मुक्केबाजी में भिवानी की बॉक्सर जैसमिन लंबोरिया ने साऊदी अरब की बॉक्सर हैदिल गजवान को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। समिन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला एक अक्तूबर को पीआरके कोरिया की बॉक्सर यंग योंग के साथ होगा। जैसमिन लंबोरिया के कोच व चाचा संदीप लंबोरिया ने बताया कि जैसमिन का पहला मुकाबला रोचक रहा है उसने शुरुआत में ही अपनी प्रतिद्वंदी साऊदी अरब की बॉक्सर हैदिल गजवान पर भारी रही।



### फरीदाबाद का रहने वाला है शिवा नरवाल

एशियन गेम्स में बल्लभगढ़ के युवा निशानेबाज शिवा नरवाल ने स्वर्ण पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश और अपने देश का नाम रोशन किया है। शिवा नरवाल ने सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह के साथ टीम स्पर्धा में दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में देश को स्वर्णिम उपलब्धि दिलाई।भाई से ही प्रेरित होकर शिवा नरवाल ने भी शूटिंग में हाथ आजमाने शुरू किए। शिवा नरवाल ने पहली बार एशियन गेम्स में लिया भाग और पहली बार में स्वर्णिम निशाना साधने में सफलता हासिल की। बता दें कि बड़े भाई टोक्यो पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल से प्रोत्साहित होकर हाथ में पिस्तौल थामी थी। शिवा ने अगस्त माह में अजरबेजान के बाकू शहर में आयोजित आइएसएसएफ विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में ईशा सिंह के साथ मिलकर मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। एक खास बात और कि शिवा की बहन शिखा भी शूटर हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक 5 गोल्ड मेडल समेत कुल 24 पदक अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही भारत फिर पांचवें स्थान पर कायम है।

# पीएम मोदी कल नूंह की जनता को करेंगे संबोधित

### आकांक्षी जिलों में होगा संकल्प सप्ताह का आयोजन

**भरोसा मित्र**

नूंह। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितंबर को नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से नूंह व पुन्हाना खंड के लोगों को संबोधित करेंगे। बता दें कि पिछड़े जिलों को मुख्य धारा में लाने के लिए आकांक्षी जिला घोषित करने वाले नीति आयोग तीन से नौ अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मना रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नूंह व पुन्हाना खंड के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को सभी प्रकार के प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत नोडल अफसर बनाया गया है।



इस बारे में उपायुक्त ने बताया कि तीन से नौ अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में तीन अक्टूबर को संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प कार्यक्रम होंगे। इनके तहत स्वास्थ्य मेले लगाए जाएंगे। यह आयोजन खंड पीएचसी या वेलनेस सेंटर में होंगे। इसके नोडल अधिकारी सिविल सर्जन नूंह, एसएमओ नूंह व पुन्हाना होंगे।

### शिविर लगेंगे और अभियान चलाए जाएंगे

उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर को सुपोषित परिवार-पोषण मेला कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण व न्यूट्रीशन मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी, आइसीडीएस नूंह, सीडीपीओ नूंह व पुन्हाना नोडल अधिकारी होंगी। इसके अगले दिन यानि पांच अक्टूबर को स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता शिविर व सफाई अभियान का आयोजन होगा। नोडल अधिकारी असिस्टेंट सीईओ डीआरडीए नूंह व डीपीएम, एसबीएम, नूंह तथा डीईओ नूंह होंगे। खड़गटा ने बताया कि इसी कड़ी में छह अक्टूबर को कृषि महोत्सव कार्यक्रम के तहत कृषि मेला लगाया जाएगा। नोडल अधिकारी डीडीए नूंह, डीएचओ नूंह व डीपीएम एसबीएम नूंह रहेंगे। खड़गटा के अनुसार कि सात अक्टूबर को शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम के तहत शिक्षा मेला व शिक्षा गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन, इसके नोडल अधिकारी डीईओ, डीईईओ नूंह, बीईओ नूंह व बीईओ पुन्हाना होंगे। अगले दिन आठ अक्टूबर को समृद्धि दिवस कार्यक्रम के तहत आजीविका मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसके नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक एमएसएमई रोजकामेव, एलडीएम केनरा बैंक, डीपीएम एसबीएम नूंह होंगे।

# जेजेपी से जितना जल्दी पीछा छुड़ाए भाजपा, भला होगा : बृजेंद्र सिंह

**भरोसा मित्र**

जींद। गुरुवार को हिसार लोकसभा क्षेत्र से सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा-जजपा गठबंधन को लेकर जींद में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार जितनी चल गई है, उतनी बहुत है। अब जजपा से जितना जल्दी पीछा छूट जाए, भाजपा का कुछ भला हो जाएगा, नहीं तो सब कुछ जनता के सामने है ही। सांसद बृजेंद्र सिंह ने जेजेपी-बीजेपी गठबंधन पर निशाना साधा। बता दें कि इन दिनों भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह 2 अक्टूबर को जींद के एकलव्य स्टेडियम में उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह द्वारा किए जा रहे मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम को लेकर बाइक पर सवार होकर जनता को निमंत्रण देने के लिए यात्रा पर हैं। उन्होंने जींद, कैथल के अलावा हिसार जिले के कई गांवों में पहुंच कर लोगों से बातचीत की है। सांसद ने उचाना विधानसभा क्षेत्र के 21 गांवों को सांसद निधि से पानी के टैंकर भी वितरित किए। राजीव गांधी कॉलेज से इन टैंकरों को गांवों के लिए रवाना किया गया। काफी समय से ग्रामीणों द्वारा पानी के टैंकरों की डिमांड की जा रही थी। आज सुबह शहीद भगत सिंह को नमन करने के बाद उचाना से शुरू हुई यात्रा करसिंधू, बड़ौदा से हिसार जिले के कोथ कलां, राखी गढ़ी, नारनौंद, राजथल से होते हुए जुलाना क्षेत्र में प्रवेश कर गई। शाम तक बाइक यात्रा जुलाना हलके के गांवों को कवर करने के बाद पिल्लूखेड़ा और सफीदों क्षेत्र के गांवों में जाएगी और शाम को जींद शहर में ठहराव किया जाएगा। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जींद में होने वाला कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीति कार्यक्रम है।



# फर्नीचर मार्केट में राहुल गांधी ने बनाई मेज

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के कीर्ति नगर में फर्नीचर मार्केट का दौरा किया। यहां उन्होंने कारीगरों से मुलाकात की और उनके काम की बारीकियां सीखीं। यही नहीं,फर्नीचर मार्केट में कारीगरों के साथ मिलकर चार घंटे में एक मेज भी तैयार किया। इसके बाद राहुल गांधी ने कारीगरों के साथ ने लंच भी किया।

राहुल गांधी ने लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात की तस्वीर अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर भी शेयर किया है।इसमें उन्होंने लिखा कि कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ



ही कमाल के कलाकार भी हैं, मज़बूती और खूबसूरती तराशने में माहिर! काफ़ी बातें हुईं, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। बता दें कि कांग्रेस सांसद को काम की बारीकियां सिखाने वाले कामगारों ने कांग्रेस नेता के व्यवहार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इनमें एक अच्छे सीखने वाले के सभी गुण मौजूद हैं।

चुनावी गठजोड़ के आसार

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर निभा रहे बिचौलिये की भूमिका

# क्या राजस्थान मिलकर चुनाव लड़ेगी जजपा-भाजपा?

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिसात पूरी तरह बिछ चुकी है। राजनैतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी है। सभी दल चुनाव प्रचार में जुट चुके हैं। राजनीतिज्ञ पंड़ितों का मानना है कि इस बार राजस्थान का विधानसभा चुनाव बहुत ही रोचक हाने वाला है। अगर बात भारतीय जनता पार्टी की करें तो इस बार भाजपा राजस्थान में बिना सीएम के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी वहीं कांग्रेस राजनीतिक के जादूगर कहे जाने वाले और वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर ही दांव खेलेगी। साथ ही इस बार राजस्थान विधानसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास करा चुकी जननायक जनता पार्टी भी मैदान में उतर चुकी है। कयास लगाए जा रहे है कि जिस तरह हरियाणा में भाजपा-जजपा का गठबंधन है उसी तरह भाजपा-जजपा राजस्थान में भी चुनावी गठजोड़ होने की उम्मीद है।

बता दें कि जिस तरह हरियाणा में सरकार बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जेजेपी-भाजपा को एक साथ लेकर आए थे उसी तरह राजस्थान के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच चुनावी गठबंधन के लिए भी अनुराग ठाकुर मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। कहां जाता है कि हरियाणा के डीप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और मादी सरकार में मंत्री अनुराग ठाकुर घनिष्ठ मित्र हैं। हाल ही में राजस्थान के सीकर में ताऊ देवीलाल के 110वें जन्मदिन पर राज्य स्तरीय रैली कर जेजेपी विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दे चुकी है। इस रैली से ठीक पहले उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई है, इसमें राजस्थान के चुनाव पर चर्चा हुई थी। करीब एक सप्ताह बाद राजस्थान के दौरे से लौटे दुष्यंत चौटाला की भाजपा के शीर्ष नेताओं से दिल्ली में मंत्रणा चल रही है। संभावना इस बात की है कि दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बनने के साथ चुनावी गठबंधन हो सकता है। अगर गठबंधन नहीं होता है तो जेजेपी राजस्थान में अपने स्वयं के बूते पर 25 से 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी पहले से कर रही है।





### ठाकुर,नड्डा और शाह में बातचीत जारी

रैली की सफलता से उत्साहित दुष्यंत चौटाला की अब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ राजस्थान में चुनावी गछजोड़ को लेकर विस्तृत बातचीत हुई है। बताया जाता है कि अनुराग ठाकुर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राजस्थान में जेजेपी व भाजपा के गठबंधन को लेकर बातचीत करने में लगे हैं। अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि दोनों पार्टियां राजस्थान चुनाव मिलकर लड़ेगी या अलग-अलग अगर दोनों पार्टियां गठजोड़ में चुनाव लड़ती है तो कौन, कितनी सीट पर लडग़ा, या फिर ये गठबंधन होगा क्या नहीं ये सब बातें भवीष्य की कोख में है।

### जेजेपी ने बुलाई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

जेजेपी ने राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुला ली है, जो कि आठ अक्टूबर को जयपुर में होगी।। इस बैठक में राजस्थान के विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। तब तक दोनों दलों के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर भी स्थिति साफ हो चुकी होगी। इससे पहले दुष्यंत चौटाला राजस्थान के आठ विधानसभा क्षेत्रों नोहर, फतेहपुर, कोटपुतली, सूरतगढ़, दाताराम गढ़, जयपुर, नवलगढ़ और भरतपुर में रोड शो करेंगे। कुछ रोड शो 13 अक्टूबर को होने प्रस्तावित हैं।

# बेनतीजा रही पावर कारपोरेशन और बिजली मंत्री की बैठक

### दो घंटे चली बैठक में 16 मांगों में से एक पर भी नहीं बनी सहमति

**भरोसा मित्र**

चंडीगढ़ । बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के साथ आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक बेनतीजा रही। करीब दो घंटे चली बैठक में बिजली कर्मियों की एक भी मांग पर सहमति नहीं बन पाई। यूनियन की ओर से मंत्री के सामने 16 मांगें रखी गई थी। बातचीत के दौरान आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की ओर से चेयरमैन देवेंद्र सिंह हुड्डा, प्रधान सुरेश राठी, महासचिव नरेश कुमार, वित्त सचिव अजय वशिष्ठ, वरिष्ठ उपप्रधान शब्बीर अहमद, उप महासचिव जितेंद्र तेवतिया, सचिव मनीष मलिक व उपप्रधान लोकेश कुमार शामिल हुए, जबकि बिजली

### एसीएस एके सिंह पर लगाया कर्मचारियों की समस्याएं हल नहीं होने देने का आरोप

विभाग की तरफ से अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक साकेत कुमार, हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शाइन और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की चीफ एडमिन विनीता ने बातचीत में हिस्सा लिया। वहीं वार्ता के बाद यूनियन के नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह नहीं चाहते थे कि कर्मचारियों की किसी समस्या का समाधान हो, इसलिए वह हर मुद्दे और मांग पर अडंगा डालते रहे। यूनियन ने निर्णय लिया है कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक बिजली मंत्री के सिरसा आवास पर एक अक्टूबर से महापड़ाव आरंभ कर दिया जाएगा। साथ ही शुक्रवार 29 सितंबर को एके सिंह के कथित कर्मचारी विरोधी रवैये के विरुद्ध पूरे प्रदेश में बिजली विभाग के सब यूनिट कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किये जाएंगे। यूनियन नेताओं ने कहा कि करीब दो घंटे तक इन मांगों और समस्याओं पर चर्चा हुई, लेकिन अतिरिक्त मुख्य सचिव समेत बाकी सभी अधिकारियों का रवैया पूरी तरह से कर्मचारी विरोधी रहा। दो घंटे में किसी बात पर सहमति नहीं बनी।

## खबर फटाफट

### कार की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल

**सोहना :** सोहना रोड़ पर तेजरफ्तार में बेलगाम दौड़ रही एक कार की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी पहचान अंजनि यादव निवासी गांव इस्लामपुर के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करती है और रोजाना की तरह सडक़ किनारे पैदल-पैदल ड्यूटी पर जा रही थी। हादसे के बाद कार चालक कार को घटनास्थल पर ही छोडक़र भाग निकला। महिला की हालत बिगड़ती देख डाक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि कार को कब्जा पुलिस में ले लिया गया है। कार चालक की पहचान कर पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार करेगी।

### शुभ नंदा की स्मृति में 30 को होगी श्रद्धांजलि सभा

सोहनाः यहां पर वार्ड-16 से नगरपार्षद और स्थानीय पंजाबी महासंघ के प्रधान हरीश नंदा राजू तथा युवा समाज सेवी हेमंत नंदा पिंटू की माताश्री व महिला समाज सेविका शोभा नंदा की स्मृति में शनिवार, 30 सितंबर को शहर में दमदमा रोड़ स्थित स्मार्ट व्यू होटल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। इसमें सर्वजातीय समाज के लोग शामिल होकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस बारे में स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी ने बताया कि शुभ नंदा पंजाबी समाज के साथ-साथ सर्वजातीय समाज के उत्थान और नारी शिक्षा की प्रबल हिमायती रही। सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र के साथ-साथ राजनीति में भी उन्होंने वक्त-वक्त पर सक्रिय भूमिका निभाई।

### दो अक्टूबर से शुरू होगी हर गांव में ग्रामसभा बैठकें : राजेश राघव



**सोहना :** ब्लाकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव भौंड़सिया के अनुसार सोहना ब्लाक के प्रत्येक गांव में महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर 2 अक्टूबर से सभी 35 ग्रामपंचायतों में ग्रामसभा बैठकों का आयोजन होगा। इन ग्रामसभाओं में गांव के विकास को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे और पारित किए गए प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा ताकि गांवों में रुके हुए कामों को पूरा करने के साथ-साथ भरपूर विकास को बढ़ावा मिले। राजेश राघव भौंड़सिया ने बताया कि हर गांव में ग्रामसभा बैठकें गांव के भीतर ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर कराई जाएगी, जहां अधिक से अधिक लोग आ सके। गांव में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति गांव के हित में विकास के लिए अपने सुझाव ग्रामसभा बैठक में दे सकता है। ग्रामसभा बैठकों में ग्रामसचिव के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। इन बैठकों के आयोजन को लेकर सभी ग्रामपंचायतों में सरपंचों और मैंबर पंचायतों को अवगत कराया गया है। सरपंचों की सहमति से ग्रामसभा बैठक आयोजन के लिए स्थान तय किया जाएगा।

### गांव भौंड़सी में फॉरेंसिक लैब के लिए बनेगा नया भवन : सतेन्द्र राघव



**सोहना :** आदर्श गांव भौंड़सी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में फॉरेंसिक लैब के लिए नया भवन बनाया जाएगा। तीन मंजिला यह भवन 2 से 5 हजार वर्ग गज में बनेगा। हरियाणा पुलिस आवास निगम ने प्लान तैयार कर अनुमति के लिए मुख्यालय भेज दिया है। अनुमति मिलने के बाद निर्माण करने के लिए आगामी प्रक्रिया शुरू होगी। लैब बनने से आपराधिक मामलों से संबंधित साक्ष्यों की जांच जल्द होकर रिपोर्ट जल्दी मिलेगी। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने बताया कि भौंड़सी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में फॉरेंसिक लैब के लिए 3 मंजिला नया भवन कम से कम 5 हजार वर्ग गज भूमि में बनेगा ताकि यहां पर लैब बनने से मिलेनियमसिटी जनपद व आसपास जनपदों में होने वाले आपराधिक मामलों से संबंधित साक्ष्यों की जांच जल्द से जल्द कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सके। फिलहाल भौंड़सी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में फॉरेंसिक लैब एक भवन के फ्लोर पर चल रही है जबकि राज्य में दूसरी फॉरेंसिक लैब करनाल के मधुबन में स्थित है।

### मंदिर में पानी के अभाव में सूख रहे हैं पेड़-पौधे : तोमर

सोहनाः नगरपरिषद के वार्ड-18 के तहत लगने वाले मोहल्ला कचेरवाड़ा में रह रहे युवा समाजसेवी योगेश तोमर ने नगरपरिषद प्रशासन को लिखे पत्र में माता शीतला मंदिर पार्क में बोरवैल में लगी पानी की मोटर काफी दिनों से खराब होने की वजह से पेड़-पौधे सूखने और खराब होने की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए नगरपरिषद प्रशासन से जल्द से जल्द खराब मोटर को बदलवाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि उनके लिखित में शिकायत दर्ज कराने के बाद माता शीतला मंदिर पार्क में खराब लाइटें तो बदलवा दी गई हैं, लेकिन पानी की मोटर अभी तक भी नही बदले जाने से पार्क में भ्रमण के लिए आने वाले लोग परेशान हैं। इस बारे में नगरपरिषद में कार्यरत अपर अभियंता डिंगबर ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है। जल्द ही पानी की खराब मोटर को बदलवाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ताकि पेड़-पौधों को सूखने से बचाया जा सके।

### गठबंधन सरकार में फलफूल रहा भूमाफिया:नौरंग खटाना

सोहना : वरिष्ठ कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका का कहना है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के राज में राज्य में अपराध ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए है। कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। हत्या, लूट, डकैती और महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ गई है। पानीपत की घटना ने हरियाणा का नाम देश भर में शर्मसार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार में सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार पहले से ज्यादा बढ़ा है। लोगों के काम नही हो पा रहे है। प्रदेश के लोगों के बीच गठबंधन की बजाय ठगबंधन के नाम से चर्चित हो चुकी सरकार के एचपीएससी ने एक बार फिर से 100 पदों की इस परीक्षा के आयोजन से लेकर परिणाम तक अपना असली रंग दिखा दिया है। ठगबंधन सरकार ने आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों का भी गला घोंट दिया।आरोप लगाया कि सरकार राज्य के अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के युवाओं के सपनों को कुचलने की गुनाहगार नजर आ रही है।

लागत नहीं मिलने से किसानों ने इसकी खेती कम की

# एक बार फिर प्याज के दामों ने आम जनता को रुलाया

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र



**सोहना।** इन दिनों स्थानीय थोक व खुदरा सब्जीमंडी में प्याज के आसमान छू रहे भावों ने घरों में सब्जी का स्वाद बिगाड़ दिया है। बीते कई दिनों से प्याज के आसमान छू रहे भावों की वजह से सभी परेशान है।

थोक सब्जीमंडी में प्याज का भाव 30 से 32 रुपए प्रति किलो तो खुदरा में प्याज का भाव 38 से 40 रुपए या इससे कही ज्यादा पहुंच गया है। जिससे स्थानीय सब्जीमंडी में प्याज के दामों में एक बार फिर से जबरदस्त उछाल आ गया है। बाजार में प्याज का भाव एक बार फिर 38 से 40 रु पए प्रति किलो तक पहुंचने से प्याज आम आदमी की पहुंच से बाहर होने पर रसोई से गायब होने लगा है।

सब्जीमंडी में कारोबार कर रहे थोक विक्रेता लवली जुनेजा, उमेश जुनेजा, नरेन्द्र कुमार, यशपाल वर्मानी आदि ने बताया कि इन दिनों मंडी में नासिक व भावनगर से प्याज आ रही है। हमारा स्थानीय किसान प्याज उगाने से परहेज कर रहा है क्योंकि किसान को प्याज लगाने में प्रति एकड़ करीब 50 हजार रुपए की लागत आती है और उसे घर में प्याज 20 रुपए किलो पड़ती है। जिसकी वजह से उसने प्याज की खेती एक तरह से कम कर दी है। एक महीने से मंडी में नासिक व भावनगर से प्याज आ रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ तो पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि और बाहर से आने का खर्चा ज्यादा होने की वजह से दाम बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हे उम्मीद है कि अगले 8-10 दिनों में प्याज के दामों में कमी आएगी क्योंकि इस दौरान साथ लगे मेवात और निकटवर्ती राजस्थान व अन्य प्रदेशों से प्याज आनी शुरू हो जाएगी। श्राद्ध पक्ष भी शुरू होने पर अधिकांश घरों में प्याज का प्रयोग नहीं होगा। जिससे प्याज के दामों में कमी आनी लाजिमी है।

अचानक प्याज के दामों में आए उछाल से लोगों के बीच यह कयास लगाए जा रहे है कि आने वाले दिनों में प्याज के दाम और ज्यादा ऊपर चढ़ने से लोगों को और अधिक रुलाएगी। सब्जी विक्रेता नरेन्द्र कुमार, उमेश जुनेजा कोकी, दीवान सैनी, अजीत सिंह, नंबरदार लल्लू सैनी, धर्मबीर राजपाल, महावीर, गुरदयाल सैनी, चतर सिंह आदि प्याज के दामों में आए उछाल को मौसम की स्वाभाविक प्रक्रिया के साथ बरसात के कारण प्याज के हुए नुकसान को मान रहे है। आवक कम होने और खपत बढ़ने से प्याज के दाम एकाएक उछाला खा गए हैं। यही कारण है कि प्याज के दामों में लगभग एकदम बढ़ोतरी हो गई है। उम्मीद है कि जल्द ही प्याज का मूल्य सतह पर आ जाएगा। बता दें कि 10 दिनों पहले तक सब्जीमंडी में जहां प्याज 17 से 18 रु पए प्रति किलो मिल रही थी, अब वही कीमत 30 से 32 रुपए किलो हो गई है। नंबरदार तेजपाल सैनी, धरमू पहलवान, भागीरथ, मितरसेन, ओमप्रकाश सैनी, देविन्द्र सैनी, ओमप्रकाश सैनी, दयाराम सैनी, हरिचंद सैनी, धनपत सैनी, दीवान सैनी उम्मीद जताई है कि अगले महीने से प्याज के दामों में गिरावट हो जाएगी।

#### परेशान गृहणियां कहती हैं

गृहणियों का कहना है कि भाजपा सरकार के राज में महंगाई ने उनकी कमर ही तोड़ डाली है। महंगाई के चलते दो वक्त का भोजन करना भी अब दुश्वार होने लगा है। काबिले गौर यह है कि प्याज के दाम बढ़ते ही होटलों-ढाबों, रेस्तराओं में सलाद की प्लेट से प्याज गायब हो गया है क्योंकि बढ़िया प्याज के रेट 40 रुपए किलो पर पहुंच गए हैं।

#### सलाद की प्लेट से बाहर हुआ प्याज

होटल-ढाबों संचालकों का कहना है कि प्याज के दामों में तेजी आ गई है। महंगाई का जमाना है। वह चाहते हुए भी ग्राहकों को भोजन में पहले मुफ्त दी जाने वाली सलाद में प्याज नही परोस पा रहे है। होटल-ढाबों वालों का साफ कहना है कि जब सलाद में प्रयुक्त होने वाली प्याज के दाम बिल्कुल नीचे आ जाएंगे, तब वह अपने होटल-ढाबों पर आने वाले ग्राहकों को पहले ही तरह ही भोजन के साथ सलाद की प्लेट सजाकर मुफ्त में प्याज जरूर उपलब्ध कराएंगे।

## नारेबाजी के बीच भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी




### साफतौर पर कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जाती चुप नहीं बैठेंगे

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां नगरपरिषद में कार्यरत सफाई व दमकल कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए। विरोध प्रदर्शन करते हुए वे नारेबाजी के बीच भूख हड़ताल पर बैठ गए।

बताया गया कि वे शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी लंबे अर्से से अटकी मांगें पूरी नहीं होगी, वह चुप नहीं बैठेंगे। इसके बाद भी यदि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देरी नहीं लगेगी। उन्होंने रोष जताया कि उनकी मांगें ऐसी भी नहीं है कि सरकार उन्हें पूरा न कर सके। इन कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगें जायज हैं, इनसे सरकार के बजट पर कोई अधिक भार नहीं पड़ने वाला।

सफाई कर्मचारियों की मांग है कि सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठेके की बजाय नियमित नौकरी पर रखा जाए। समान काम-समान वेतन दिया जाए। कोरोना महामारी के दौरान शहादत देने वाले कर्मचारियों के परिजनों को प्रति परिवार पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

## बिना पंजीकरण-लाइसेंस डिग्री के अस्पताल चलाने वाले 2 पर गिरी गाज

### एनएमसी एक्ट और ठगी व लापरवाही समेत अन्य धाराओं में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना :** शहर में तावडू रोड़ पर बिना किसी पंजीकरण, लाइसेंस और डिग्री के अस्पताल चला रहे 2 लोगों की पहचान कर स्वास्थ्य विभाग के घंघौला सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डाक्टर दीपांशु सैनी ने सोहना शहर पुलिस थाने में एसएम अस्पताल व ट्रामा सेंटर संचालक जाकिर हुसैन और अस्पताल मालिक गोविंद सिंह के खिलाफ भादसं की जरूरी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्होंने शहर पुलिस थाने में दी गई शिकायत में बताया कि जब उन्होने मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम के साथ सोहना शहर में तावडू रोड़ पर चल रहे एसएम अस्पताल व ट्रामासेंटर पर छापेमारी की तो वहां डाक्टर केबिन 2 लोग मौजूद मिले। डाक्टर की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम डाक्टर जाकिरहुसैन और दूसरे ने गोविंद बताया। जब उन्होंने उनसे डाक्टर की डिग्री व अस्पताल चलाने के लिए जरूरी दस्तावेज मांगे तो वह ना तो डाक्टर की डिग्री दिखा पाए और ना ही अस्पताल चलाने के लिए कोई पंजीकरण-लाइसेंस अथवा अन्य कागजात दिखा पाए। जब छापामार टीम ने अस्पताल चेक किया तो नीचे वाले फ्लोर पर रोगियों को भर्ती करने के लिए वार्ड, मेडिकल स्टोर, डाक्टर रूम, रिसेप्शन रूम, ओटी रूम बने मिले जबकि पहली मंजिल पर प्राइवेट रूप, 5 बैड का जनरल वार्ड, 3 बैड का रूम व किचन बने मिले।

डाक्टर दीपांशु सैनी की माने तो छापामार टीम ने एसएम अस्पताल व ट्रामासेंटर से छापेमारी के दौरान काफी मात्रा में दवाएं, इंजेक्शन व अन्य चिकित्सा उपकरण जब्त किए हैं। इतना ही नही छापेमारी में यहां से डाक्टरों व अस्पताल के नाम से बनाई गई कई मोहरें भी जब्त की गई है। इस अस्पताल में बायोवेस्ट प्रबंधन से संबंधित कोई दस्तावेज भी नही मिले।

उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालक व फर्जी डाक्टर के खिलाफ सोहना शहर पुलिस थाने में एनएमसी एक्ट और ठगी व लापरवाही समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## आज से शुरू होगा पितृपक्ष : पं. वेदप्रकाश शास्त्री

### परिजन की मृत्यु तिथि वाले दिन ही श्राद्ध करने से दिवंगत आत्मा को मुक्ति मिलती है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** इस बार पितृपक्ष यानि श्राद्ध शुक्रवार, 29 सितंबर से शुरू होंगे और 14 अक्टूबर तक चलेंगे। पहला श्राद्ध शुक्रवार को पूर्णिमा पर होगा। तत्पश्चात 15 अक्टूबर से नवरात्र शुरू होंगे।

यहां पर सुशीलनगर स्थित पंडित वेदप्रकाश शास्त्री के अनुसार पितृ पक्ष 16 दिन की समयावधि का होता है। इस दौरान हिंदू समाज के लोग अपने पूर्वजों को भोजन अर्पण करके आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि देते है।

उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति स्नेह, विनम्रता, आदर व श्रद्धाभाव से किया जाने वाला कर्म ही श्राद्ध कहलाता है। यह पितृ की ऋण से मुक्त होने का सरल उपाय भी है। इसलिए इसे पितृ यज्ञ भी कहा गया है। हर साल



भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक यह 16 दिन श्राद्ध कर्म के होते है।

**कौन-कौन कर सकता है श्राद्ध**

पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने श्राद्ध पक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पितृों के लिए श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। श्राद्ध का अधिकार पुत्र को होता है लेकिन यदि पुत्र नही है तो पौत्र व पडपौत्र भी श्राद्ध कर सकते है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख किया गया है कि पुत्र ना होने पर विधवा स्त्री भी अपने पति का श्राद्ध कर सकती है। कन्या का पुत्र भी श्राद्ध कर सकता है।

उन्होंने कहा कि परिजन की मृत्यु तिथि वाले दिन ही श्राद्ध करने से दिवंगत आत्मा को मुक्ति मिलती है, लेकिन जिनको अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि आदि याद नहीं है, वह अमावस्या के दिन ऐसी आत्माओं की शांति के लिए श्राद्ध करते है ताकि पितृों को खुश करने पर वह अपने परिजनों को सुख, समृद्धि का आशीर्वाद दे। पूर्वजों का श्राद्ध करने से परिवार में खुशहाली, सम्पन्नता आती है। इस बारे में पंडित रमेश शास्त्री और पंडित वेदप्रकाश शास्त्री, लोकेश भारद्वाज, अनिल वशिष्ठ, अनिल शर्मा कोकी, दिनेश शास्त्री आदि विद्वानों ने बताया कि श्राद्ध में किसी को भी मंदिरा व मांस का सेवन नही करना चाहिए। श्राद्ध में कुशा का बहुत महत्व होता है। श्राद्ध करते समय अनामिका उंगली में कुशा की अंगूठी पहनकर श्राद्ध निकाला जाता है। कुशा के अग्रभाग में ब्रह्मा जी, मध्य में विष्णु और मूल भाग में भगवान भोलेशंकर निवास करते है।

#### श्राद्ध के दिनों में दान का महत्व

पंडित शास्त्री ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में भोजन के अलावा ब्राहाणों को दान का भी बड़ा महत्व है। शास्त्रों के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितृरों के निर्मित किए गए दान का उत्तम फल प्राप्त होता है। कालसर्प दोष व पितृ दोष भी इस समय किए दान से दूर होता है। जिन लोगों के घरों में अक्सर कलह एवं आर्थिक परेशानी बनी रहती है, उन्हें पितृरों के निमित्त गुड़ एवं नमक का दान करना चाहिए। पितृरों के लिए वस्त्रों का दान भी उत्तम माना गया है। पितृ दूध, चावल और चांदी से खुश होते हैं। इसलिए इन वस्तुओं के दान का भी बहुत महत्व है। काले तिल का दान करने से पितृगण संकट एवं विपदाओं से रक्षा करते है। पितृ पक्ष में गोदान को भी उत्तम दान माना गया है। गाय का दान करने से पितृ प्रसन्न होते है और अपने वशंजों को सुख एवं ऐश्वर्य का आशीर्वाद प्रदान करते है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपनी सामथर्यनुसार देवताओं की पूजा के साथ-साथ पितृरों को खुश रखने के लिए श्राद्ध अवश्य करना चाहिए।

## नगरपरिषद प्रमुख अब 50 लाख रुपए तक कराए गए कार्यों का कर सकेंगे भुगतान : अंजू देवी

### सभी योजनाओं के लिए ई-टेंडरिंग प्रकिया जरूरी की गई

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा राज्य में नगरपालिकाओं, नगरपरिषदों में नगरपालिका व परिषद अध्यक्षों को वित्तीय पावर ज्यादा दिए जाने पर खुशी जताई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने नगरपालिकापरिषद और नगरपालिका समिति में विकास कार्यों की बदौलत होने वाली पेमेंट में पारदर्शिता बढ़ाते हुए नियमों को सख्त कर दिया है ताकि भुगतान में किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो सके। सरकार द्वारा शहरी निकाय अध्यक्षों के लिए कुछ दिनों पहले बढ़ाए गए वित्तीय अधिकार के प्रयोग में शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग ने कुछ शर्ते जोड़ दी हैं। इन शर्तों के तहत हर बिल के भुगतान पर शहरी निकाय द्वारा 10 दिन के भीतर फैसला किया जाएगा। इसके साथ ही, पेमेंट अप्रूवल कमेटी की 10 दिन में एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि काम तेजी से सिरे चढ़ेंगे और ठेकेदारों को भी समय से अपने काम का भुगतान मिल सकेगा। इससे वह अनावश्यक रूप से काम को लंबा नहीं खींचेंगे और उसको जल्दी पूरा कराएंगे। बता दें अंजू देवी प्रदेश सरकार के द्वारा नगरपालिका परिषद और समिति अध्यक्ष को 50 लाख रुपए तक के भुगतान के लिए संबंधित शहरी स्थानीय निकाय की भुगतान अप्रूवल कमेटी का चीफ बनाया गया है। इसके साथ ही 50 लाख रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए संबंधित डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ हुई शहरी निकाय अध्यक्षों की 11 सदस्यीय कमेटी की बैठक में प्रधानों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई गई थी। स्थानीय नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी ने बताया कि 50 लाख रूपए तक के भुगतान के लिए अप्रूवल कमेटी के चीफ अब एमसी अध्यक्ष होंगे। 50 लाख से अधिक के भुगतान के लिए एमसी आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है। यह भी जरूरी बनाया गया है कि पेमेंट अप्रूवल कमेटी की महीने में तीन बैठक आयोजित होनी चाहिए। साथ ही सभी योजनाओं के लिए ई-टेंडरिंग प्रकिया जरूरी की गई है। उन्होंने बताया कि शहरी निकाय विभाग के सचिव विकास गुप्ता ने ठेकेदारों को पेमेंट जारी करने के नियमों में कुछ शर्तें जोड़ी हैं। इनमें नगरपालिका कार्यों की ई-टेंडरिंग, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भुगतान वृद्धि राशि की मंजूरी, भुगतान की मंजूरी से पहले जिला स्तरीय निगरानी समिति की सिफारिश और कुछ ठेकेदारों के पक्ष में कार्यों का विभाजन ना करना शामिल रहेगा।

### गांव रानीकासिंगोला में सीमा बनी कार्यवाहक सरपंच

**सोहन।** ब्लाक के आदर्श गांव रानीकासिंगौला ग्रामपंचायत में वार्ड-2 से मैंबर पंचायत सीमा धर्मपत्नी विनोद को निर्विरोध कार्यवाहक सरपंच चुना गया है। चुनाव के दौरान ग्रामपंचायत के पांचों मैंबर पंचायत मौजूद रहे और सभी ने अपनी सहमति जताते हुए सीमा को कार्यवाहक सरपंच चुन लिया। इस मौके पर थानीय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हितेश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि गांव रानीकासिंगोला के सभी पांचों पंच जिनमें, सीमा, जितेन्द्र, बबीता, ओमप्रकाश, प्रियंका कार्यवाहक सरपंच चुने जाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान मौजूद रहे। सभी ने निर्विरोध रूप में मैंबर पंचायत सीमा के नाम पर सहमति जताते हुए कार्यवाहक सरपंच के रूप में सीमा को चुन लिया है। बता दें कि इससे पूर्व में चुनी गई सरपंच ने त्यागपत्र दे दिया था।

## कांग्रेस के पक्ष में चल रही जबरदस्त लहर : दमदमिया

### जगदीश यादव के दूरदर्शी फैसले का स्वागत किया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व कांग्रेस में राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया ने पूर्वमंत्री जगदीश यादव के अपने समर्थकों समेत भाजपा को अलविदा कर कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है और इसे पूर्वमंत्री जगदीश यादव का लिया गया दूरदर्शी फैसला बताया है।

उन्होंने कहा कि पूर्वमंत्री जगदीश यादव के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आने से अहीरवाल, मेवात और मिलेनियमसिटी में जहां भाजपा को जोर का झटका धीरे से लगा है, वही कांग्रेस की राजनीतिक ताकत बढ़ गई है। उनके कांग्रेस में शामिल होने का फायदा आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में अहीरवाल, मेवात और मिलेनियमसिटी जनपद में देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आज देश की जनता भाजपा की झूठ व लूट भरी नीतियों को पहचान गई है तो जननायक जनता पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंचने लगी है। धरातल पर आज हालात ये है कि प्रदेश और देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। कामधंधे चौपट हो गए है। ऑनलाइन ठगी की वारदातें तेजी से बढने से लोगों के बैंक खाते खाली हो रहे है। दमदमिया ने कहा कि भाजपा के राज में लोग बिजली, पानी, सीवरेज जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भाजपा के राज में सरमाएदारों, पूंजीपतियों की मौज बन आई है।

## इनेलो कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू,राठी को दी बधाई

### प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला को दी मुबारकबाद

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी मैंबर और सोहना विधानसभा क्षेत्र में इनेलो के वरिष्ठ कद्दावर नेता तथा पार्टी में जिलाप्रधान और पूर्व जिलापार्षद चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने पूर्व विधायक चौधरी नफे सिंह राठी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष तथा ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला को पार्टी का प्रधान महासचिव नियुक्त किए जाने पर मुबारकबाद दी है।

गुरुवार को यहां अपने कार्यालय पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार जताया है। खेल स्टेडियम के सामने स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि पूर्व विधायक नफे सिंह राठी को इनेलो का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को अधिक मजबूती मिलेगी। राठी बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 2 बार विधायक और 2 बार नगरपरिषद अध्यक्ष रह चुके हैं। एक बार रोहतक लोकसभा से सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं और भारतीय कुश्ती संघ भारतीय शैली के अध्यक्ष रहे हैं। किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया, हलका अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह अलीपुरिया, इनेलो युवा के हलका अध्यक्ष सन्नी डागर रायपुरिया आदि ने बधाईदी।

कथा प्रवाह

जीवन में सदाचार आने से धर्म की प्राप्ति होती

## श्रीराम के आदर्शों पर चलने से होता कल्याण : शास्त्री

### प्रदेश में 9 वर्षों में एमबीबीएस की सीटें 700 से बढ़कर 2185 और हो गई हैं पीजी की सीटें 289 से बढ़कर 851 हो गई हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** वार्ड-16 के तहत ठाकुरवाडा मोहल्ला स्थित शीला कुआ विवाह स्थल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में बृहस्पतिवार को कथावाचक दिनेश चन्द्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं के बीच धारा प्रवाह ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी को मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व सीता जैसे पात्रों के संवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनका अपने परिवार व समाज के लिए किस प्रकार का त्याग रहा है।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम का जीवन संदेश हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, प्रेम-प्यार की भावना व जरूरत पड़ने पर त्याग का मार्ग दिखाता है। उन्होंने मातृशक्ति व लोगों से मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और नेक नियति, ईमानदारी, सच्चाई के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी महान विभूति में 3 विशिष्ठ गुण शील, रूप और बल होते है और ये तीनों गुण जिसमें एक साथ होते है, वो भगवान तुल्य होता है, जैसे कि म श्रीराम ने अपने शील स्वभाव से अयोध्यावासियों का दिल जीता। अपने रूप के द्वारा जनकपुरवासियों का मन जीता और बल के जरिए लंका पर विजय पाई।

आज कथा में अहिल्या उद्धार प्रसंग के बाद जनकपुरी में श्रीराम, लक्ष्मण का प्रवेश, पुष्पवाटिका का चित्रण तथा उसके बाद बहुत ही मार्मिक रूप में श्रीराम और सीता जी का मिलन हुआ। इस मौके पर श्री सीता जी ने पार्वती जी का पूजन कर वरदान पाया तथा श्रीराम, लक्ष्मण संवाद के साथ ही महाराजा जनक की चिंता, लक्ष्मण जी का क्रोध, जयमाला, महाराज दशरथ के पास दूत का जाना, अयोध्या से



जनकपुरी में बारात का आना और श्रीराम-सीता विवाह का बखूबी चित्रण किया गया। कथा के दौरान जब मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम, उनके अनुज भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न का रूवरूप धारण करे रूप पंडाल में आए तो श्रद्धालुओं ने उन पर फूलों की वर्षा की। जब मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम समेत चारों भाईयों का पंडाल में विवाह आयोजन हुआ तो श्रद्धालुओं में कन्यादान देने और मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम व उनके भाइयों का चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लेने के लिए होड़ सी मच गई। इस दौरान पंडाल में गुलाबों के फूलों की पंखुड़ियां देर तक बरसती रही।

कथावाचक दिनेश शास्त्री ने श्रद्धालुओं के बीच धारा प्रवाह ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि जब-जब संसार में धर्म का हश्र व अधर्म की वृद्धि होती है, तब प्रभु श्रीराम अपने चतुर्व्यह रूप से अवतार लेकर अधर्म का नाश करते है। तब धर्म की विजय पताका लहराती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा प्रत्येक प्राणी को सदमार्ग पर चलने और नैतिकता युक्त जीवन जीने का मार्ग सिखाती है।

भगवान श्रीराम की मर्यादाएं सदैव हमें प्रेरणा देती है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने से एवं अपने जीवन में उनके आदर्शों का अनुपालन, अवलोकन होने से शीलन एवं चिंतन, मंथन करने से जीवन को दिव्यता, श्रेष्ठता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस संपूर्ण रसों से ओतप्रोत है, जो हमें नीति, धर्म, ज्ञान, भक्ति, वैराग्य व सामाजिक व्यवहार एवं सभी के प्रति कर्तव्य का बोध कराती है।

कथा प्रसंग में अवतार के समय 4 बालकों श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का सुंदर अति स्वरूप धारण कर सजाई गई मनोहर झांकी जब दर्शकों के बीच आई तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा। इस मौके पर दशरथ जी महाराज ने पत्नियों सहित भगवान श्रीराम का पूजन कर अपने जीवन को धन्य बनाया। ऐसे में ऐसा लगा जैसे साक्षात साकेत धाम और अयोध्या नगरी सोहना में उतर आई हो। दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कन्या भ्रूण हत्या को घोर महापाप बताते हुए कहा कि आज जो लोग अपने निजी स्वार्थों से वशीभूत होकर गर्भ में ही बच्ची की हत्या करा रहे है, वह सात जन्मों तक पाप से मुक्त नहीं हो पाएंगे। समाज और शास्त्रों में नारी को देवी का दर्जा दिया गया है। इसलिए हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ समाज में अभियान चलाए। समाज को शिक्षित बनाए ताकि समाज में व्याप्त नशाखोरी, दहेज, भ्रूण हत्या जैसे घृणित कार्यों पर प्रभावी तरीके से रोक पाई जा सके।

## खबर फटाफट

### श्री दुर्गा रामलीला में हुआ भूमि पूजन



**गुरुग्राम।** श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से बृहस्पतवार सुबह को इस वर्ष की रामलीला का पूर्ण विधिवत रूप से मंत्रोचारण के साथ भूमि पूजन जैकबपुरा स्थित रामलीला स्थल पर किया गया। इसी के साथ ही रामलीला का मंच बनाने का भी काम शुरू हो गया। श्री दुर्गा रामलीला के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी एव प्रधान कपिल सलूजा ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही रामलीला की तैयारियां और ज़ोरो से शुरू हो गई हैं। आगामी 13 अक्तूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। जैसे-जैसे रामलीला की तारीख निकट आएगी, वैसे-वैसे तैयारियों को और तेज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहाँ इस वर्ष रामलीला में मनमोहक संवाद के माध्यम से झाकियाँ भी दिखाई जाएगी। रामलीला कमेटी के निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा, रामलीला के महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि दिन में कार्यालय/व्यापार से फ़्री होकर कलाकार देर रात तक हुनरमंद बनकर राम लीला का मंचन करने के कड़ा अभ्यास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रबंधन समिति भी दिन-रात एक करके तैयारियों में जुटी है। रामलीला के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि इस वर्ष भी दर्शकों को रामलीला का सीधा प्रसारण फ़ेसबुक, यूट्यूब के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### श्रमदान दिवस के तहत नगर निगम द्वारा की जाएगी सफाई

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर रविवार को पूरे देश में मनाए जाने वाले श्रमदान दिवस के तहत नगर निगम गुरूग्राम द्वारा सभी क्षेत्रों में वृह्द सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें विधायकगण, निवर्तमान मेयर टीम एवं पार्षदगण, एनजीओ व आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, औद्योगिक संस्थान सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता के साथ शहर की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। वीरवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल यादव ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक में नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा तथा संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई की जाएगी, जिसका प्रभाव भी दिखाई देगा। इसके तहत सभी गार्बेज वरनेबल प्वाइंटों, सडकों, मार्केट क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों की सूची तैयार की गई है। नगर निगम गुरूग्राम की टीमें अलग-अलग सैंकड़ों स्थानों पर कचरा उठान करने सहित पर्याप्त सफाई सुनिश्चित करेंगी।

### श्री सुदर्शन माता मंदिर में श्री राधा रानी बधाई उत्सव का आयोजन होगा आज

**गुरुग्राम।** जब भी संसार में प्रेम की बात होगी भगवान श्री कृष्ण औरा देवी राधा का प्रेम हमेशा सर्वोपरि होगा। देवी राधा के इस प्रेम ने संसार को यह ज्ञान दिया है कि प्रेम किसी सामाजिक बंधन का मोहताज नहीं होता। देवी राधा का विवाह भगवान कृष्ण से भले न हुआ हो पर आज भी उनका नाम एक साथ लिया जाता है। इतना ही नहीं मंदिरों में उनकी मूर्तियां एक साथ रखी जाती हैं उनकी पूजा एक साथ की जाती है। पंडितों का कहना है कि श्रीकृष्ण की राधा को राधिका, माधवी, केशवी, रासेश्वरी और राधारानी के नाम से भी जाना जाता है। दिव्य प्रेम, कोमलता, करुणा और भक्ति की देवी के रूप में भी उनकी पूजा की जाता है। वह भगवान कृष्ण की शाश्वत पत्नी हैं और उनके साथ उनके अनंत निवास गो-लोक धाम में निवास करती हैं। उन्हें वृंदावनेश्वरी भी कहा जाता है। न्यू कालोनी मोड स्थित श्री सुदर्शन माता मंदिर में आज राधारानी बधाई उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर का संचालन करने वाले श्री जनकराज फैमिली ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी इंद्रराज मलिक ने बताया कि आज शुक्रवार को रात्रि साढ़े 7 बजे से श्रीराधा नाम संकीर्तन का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। जिसमें कलाकार राधारानी के भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन की सभी तैयारियां कर ली गई हैं।


**आवश्यकता है**

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक **भरोसा** मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846


# मात्र 2 दिन के ही मेहमान रह गए 2 हजार के नोट

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

**30 सितम्बर को बैंकों में जमा कराने की है डेडलाईन**



गुरुग्राम। 2 हजार के नोट अब केवल मात्र 2 दिन के मेहमान ही रह गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मई माह में 2 हजार के नोटों के प्रचलन पर रोक लगाई थी और 30 सितम्बर तक बैंक में जमा कराने के आदेश भी दिए गए थे। बैंकों में 2 हजार के नोटों को जमा कराने की डेट लाईन कल समाप्त हो रही है। आरबीआई ने 19 मई को प्रैस विज्ञप्ति जानकारी कर देशवासियों को बताया था कि 2 हजार के नोट सर्कुलेशन से बाहर किए जा रहे हैं। यदि किसी के पास 2 हजार के नोट हैं तो 30 सितम्बर तक बैंक में जमा कराए जा सकते हैं। कितने लोगों ने इस आदेश का पालन किया, यह तो कहा नहीं जा सकता। कारोबारियों का कहना है कि शुरुआती दिनों में तो 2 हजार के नोटों को लेकर थोड़ी मुश्किलें और शंकाएं बाजार में रहीं, लेकिन समय के साथ-साथ ये खत्म भी हो गई। कारोबारियों के पास जो 2 हजार केनोट थे और बाद में भी लेन-देन से आए, सभी ने बैंकों में बिना किसी परेशानी के जमा करा दिए थे। उनका कहना है कि आरबीआई ने पर्याप्त समय दिया था और बैंकों ने भी इस काम में कारोबारियों को पूरा सहयोग दिया। कारोबारियों का कहना है कि यदि आरबीआई कोई नया नोट जारी करती है तो उसके सुरक्षा फीचर्स मजबूत रखे जाएं, ताकि असामाजिक तत्व इनकी कॉपी कर नकली नोट न बना सकें। उनका कहना है कि इससे अर्थव्यवस्था गड़बड़ाती है। बड़ा नोट न निकालें तो बेहतर ही होगा। क्योंकि इससे भ्रष्टाचार व कालाबाजारी को बल मिलता है। कारोबारियों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस में भी जिन लोगों के अकाउंट हैं, सरकार ने 2 हजार के नोटों को बदलने व जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई हुई है। उनका कहना है कि जिसने 30 सितम्बर तक 2 हजार के नोट नहीं बदलवाए तो इन्हें बैंकों में जमा नहीं कराया जा सकेगा और न ही बदला जा सकेगा। उन्हें केवल आरबीआई में ही बदला जा सकेगा, लेकिन नोट बदलने वाले को स्पष्टीकरण देना होगा कि उसने समय रहते नोट क्यों नहीं बदलवाए या जमा क्यों नहीं कराए। कारोबारियों का यह भी कहना है कि पिछले डेढ़-2 माह से बाजार में 2 हजार के नोट देखने को भी नहीं मिल रहे हैं।

# शीतला मंदिर परिसर को नवरात्र मेले के लिए दिया जाएगा भव्य रूप

**डीसी मंदिर परिसर में नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। अश्विन नवरात्रों के अवसर पर गुरूग्राम के प्रसिद्ध धाम श्री शीतला माता मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेले के दौरान यहां की सफाई व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात शीतला माता मंदिर बोर्ड के मुख्य प्रशासक व डीसी निशांत कुमार यादव ने नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के साथ-साथ पार्किंग स्थल पर भी सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके लिए नगर निगम की ओर से अलग-अलग साइटों पर आठ घंटे की ड्यूटी बांट कर सफाई कर्मचारियों को तैनात रखा जाए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की पूरी सफाई रखी जाए। बैठक में मंदिर बोर्ड के सदस्यों ने मेला प्रबंधन को लेकर अपने - अपने सुझाव मुख्य प्रशासक के सामने रखे। सदस्यों के सुझाव सुनने के बाद डीसी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को कहा कि मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मिनी बसें चलाई जाएं। जिन पर मेला बसें होने का बोर्ड भी लगा होना चाहिए। उन्होंने एसीपी नवीन कुमार व एसीपी ट्रैफिक सुखबीर सिंह को निर्देश दिए कि 15 से 23 अक्टूबर तक जारी रहने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की यहां तैनाती की जाए। मेले के दौरान गुमशुदा की तलाश में आम जन को सूचना देने के लिए तीन स्थानों पर माइक लगाया जाएगा। डीसी ने कहा कि मेला परिसर को सुंदर बनाने के लिए यहां सुंदर लाईटें लगाई जाएं, स्वागत द्वार बनाए जाएं और जगह-जगह बड़े डिस्पले बोर्ड लगाए जाने चाहिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 घंटे चिकित्सा सेवा मुहैया करवाई जाए। बोर्ड सदस्यों के कहने पर डीसी ने बोर्ड के सीईओ व पटौदी के एसडीएम प्रदीप सिंह को निर्देश दिए कि मंदिर की डिस्पेंसरी को बाहर स्थापित कर दिया जाए, जिससे कि किसी श्रद्धालु की अचानक तबियत खराब हो जाए तो उसे स्वास्थ्य सेवा को लेकर परेशानी ना आए।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ...

## धूमधाम से किया गया गणपति विसर्जन

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ। मोरया रे बप्पा मोरया रे,जैसे नारों से सारा शहर गुंजायमान रहा। अवसर था गणपति विसर्जन। शहर के अनेक स्थानों के साथ-साथ राजीव नगर स्थित गुफा वाले शिव मंदिर में भी अनंत चतुर्दशी का दिन गणेश विसर्जन का कार्यक्रम पूरे धूमधाम से मनाया गया। 10 दिन से चल रही गणेश पूजा के अंतिम दिन गणपति देवता की मूर्ति का विधि विधान से पूजन करने के उपरांत धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर अखण्ड परमधाम गुफा वाले शिव मंदिर की अध्यक्षा साध्वी आत्म चेतना व महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद परमहंस ने सभी भक्तों को गणेश पूजा का विशेष लाभ बताते हुए कहा कि सभी देवताओं में प्रथम पूजा भगवान श्री गणेश की की जाती है। यह विघ्न विनाशक, शक्ति दायक व रिद्धि -सिद्धि के मालिक माने गए हैं। इनकी थोड़ी सी ही पूजा से प्रभु गणेश भक्तों के सभी कार्य संपन्न करते हैं। इस अवसर पर भगवान गणेश की पूरे विधि विधान से पूजा की गई । ढोल नगाड़ा व डीजे के साथ अनेक महिला पुरुष भगवान गणेश को अपने सिर पर विराजित कर उन्हें विसर्जन करने हेतु लेकर गए। इस बीच भक्त गणपति बाबा मोरिया मंगल मूर्ति मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते रहे। आपस में सभी भक्तों ने रंग अबीर के साथ- साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर श्री श्याम परिवार मंडल के श्री विक्की गाबा प्रदीप राजेंद्र कुमार टेकचंद शर्मा गुफा वाला शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश सतीजा सतीश गुप्ता केसर देव गुप्ता सुबोध ब्रह्मचारी मनोज कुमार रमेश मुद्गल गौतम यादव रितु कृष्णा शर्मा श्रीमती अजीत यादव कविता यादव एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नाच गाकर पूरे भक्ति भाव से गणपति बाबा को विसर्जित किया तत्पश्चात मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# श्रमदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



**नगर निगम क्षेत्र की ओर से सारंगपुर वाटिका सहित 40 जगहों पर होगा कार्यक्रम**

गुरुग्राम। इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत 1 अक्टूबर रविवार को श्रमदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित आमजन की भी भागीदारी होगी। स्वयंसेवक व स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। रविवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता व निदेशक डॉ यशपाल यादव ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी वार्डों में आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए वार्ड कमेटी को भी शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही पूर्व सरपंच या अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस वर्चुअल बैठक में मानेसर नगर निगम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग और संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार शामिल रहे। आयुक्त ने निगम की सेनिटेषन विंग के अधिकारियों को निर्देष दिए कि यह एक अभियान है इसे केवल फोटो खिंचवाने तक ही सीमित न रखा जाए। पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर हो,यह भी सुनिष्चित किया जाए। उन्होंने सेनिटेषन विंग को आदेष दिए कि निगम क्षेत्र में जहां कहीं भी कूड़ा पड़ा हुआ है, इस दिन वहीं से सफाई की शुरूआत होनी चाहिए। उन्होंने एसबीएम कंसल्टेंट से आदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी प्रस्तावित वार्डों में दो जगह चिन्हित की जाए ताकि वार्ड को पूरी तरह से साफ किया जा सके। संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि इस दिन सभी एक घंटे का श्रमदान करें ताकि क्षेत्र को स्वच्छ किया जा सके। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को एक मिशन के रूप में मनाया जाए।

# स्वरोजगार के लिए अंत्योदय परिवारों की सभी जरूरी औपचारिकताएं शीघ्र पूरा करवाएं : मीणा

**एडीसी ने बैठक में अधिकारियों को दिये दिशा- निर्देश**

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विकास सदन स्थित मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने मेले से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अंत्योदय मेलों में आए पात्र परिवारों के आवेदनों को किसी भी स्तर पर बिना किसी ठोस कारण के पैंडिंग ना रखे। वहीं बैंक अधिकारी भी लंबे समय से आवेदनों पर कोई कार्यवाही न करने पर अपने स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि ऋष्ण मुहैया करवाने में जानबूझकर देनी करने वाले बैंक अधिकारियों व संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव व पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य अत्यंत गरीब परिवारों की आमदनी बढाकर उनका जीवन स्तर ऊंचा करना है। इसी के चलते चार चरण के मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इन मेलों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार की जानकारी दी गई और उनकी इच्छा व योग्यतानुरूप आवेदन लिए गए ताकि उनकों ऋष्ण सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। ऐसे में कोई भी विभाग अपने स्तर पर आवेदनों को पैंडिंग ना रखते हुए अगले तीन दिनों में उन पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। एडीसी ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकों को भेजे गए ऋष्ण आवेदनों के शीघ्र निस्तारण पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिसकी मुख्यमंत्री स्वयं समय-समय पर समीक्षा कर रहे हैं। इसलिए इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान करें।

**दौरा** | डीसी ने पटौदी मंडी में फसल खरीद का लिया जायजा

# फसल खरीद के दौरान किसानों को न हो कोई परेशानी

**किसानों से की बातचीत, अधिकारियों को दिए निर्देश**

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से किसानों की सुविधाओं व आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी वीरवार की दोपहर पटौदी अनाज मंडी पहुंचे और मंडी में बाजरा फसल खरीद के दौरान किसानों के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीसी ने किसानों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याएं सुनते हुए कहा कि हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि मंडी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने कहा कि उचित एवं औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) वाले बाजरे की खरीद प्रचलित बाजार दर पर उन किसानों से की जाएगी, जो मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत और सत्यापित हैं। किसानों को प्रचलित मंडी दर और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अंतर का भुगतान राज्य सरकार की भावांतर भरपाई योजना के तहत दिया जाएगा।

# पुलिस ने आमजन को किया जागरूक

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति व विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार डायल 112 महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष एप्लिकेशन बनवाया गया था। इस विशेष ऐप के माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, ताकि महिलाओं की सुरक्षा करने में मदद की जा सके और किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने पर पुलिस के द्वारा महिलाओं की मदद जा सके। इस ऐप के बारे में अधिक जानकारी देने व अधिक से अधिक बच्चों व महिलाओं को इस ऐप से जोडने के क्रम में वीरवार को महिला निरक्षक आरती, प्रबंधक थाना महिला मानेसर की पुलिस टीम व दुर्गा शक्ति की टीम ने बस क्यू शैल्टर गांव खोह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओ व अन्य स्टॉफ व कर्मचारियों को डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति ऐप, महिलाओं/बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों पोक्सो एक्ट के सम्बन्ध मे जानकरी देकर जागरूक किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से साइबर अपराधों के बारे मे जानकारी देते हुऐ बताया गया की किसी के साथ भी अपने बैंक की निजी जानकारी जैसे डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड साँझा ना करे, अन्यथा आप साइबर अपराध के शिकार हो सकते है। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत को दर्ज करवाये या अपने नजदीकी साइबर अपराध पुलिस थाना मे जाकर शिकायत दर्ज करवाए। इस आयोजन के दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व लड़कियों के मोबाईल फोन्स में डायल-112, दुर्गा शक्ति ऐप्स इंस्टाल कराकर इन ऐप्स के प्रयोग के बारे में भी बताया गया।

## खबर फटाफट

### सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के सम्मान में हुआ समारोह



**तावडू।** जन स्वाथ्य विभाग कार्यालय में गुरूवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्रांच प्रधान नसरुदीन व राज्य प्रेस सचिव नरेश अरोडा की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। यह सम्मान समारोह पब्लिक हैल्थ विभाग से सेवानिवृत हुए तय्यब हुसैन डब्ल्यूपीओ की सेवानिवृत के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह का संचालन ब्रांच के प्रधान नसरुदीन ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्रांच के चेयरमैन राजेन्द भी मौजूद रहे। यह जानकारी ब्रांच सचिव ने दी। ब्रांच प्रधान नसरुदीन ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि तययब हुसैन ने अपने कार्यकाल को पूरी निष्ठा व लग्न से निभाया। उन्होंने कहा कि हमारा यूनियन का स्थापना दिवस जिला सत्रीय के रूप मे मनाया जायेगा व जिला उपायुक्त को मांग पत्र दिया जायेगा। यूनियन के पदाधिकारियों में सेवानिवृत हुए तययब हुसैन को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया व उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर तययब हुसैन को उपहार व फूल मालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर संजय रिकॉर्ड कीपर, महरू, जीत राम, आलम, जमशेद, क्रिशन, विकास, कंप्यूटर ऑपरेटर, बंटी सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

### शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई

**तावडू ।** शहर व क्षेत्र में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धा व हर्षोउल्लास से मनाई गई। इस दौरान युवा संगठन के युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं युवाओं ने शहीद ए आजम भगत सिंह के दिखाए मार्ग पर चलने का आहवान भी किया। युवा एवं एग्रीकलचर के अध्यापक लखन सिंह ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीदे ए आजम भगत सिंह एक साहसी, देश भक्त, कर्तव्य परायणता, सत्यनिष्ठा और धर्म-निरपेक्षता की एक शानदार व अनुकरणीय मिशाल पेश कर गए। आज भी छात्र, नौजवानों व आम लोगों के प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आहवान किया कि युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और देश की तरक्की में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर नवीन सहरावत, सोमबीर सिंह, सुनील कुमार, कुलदीप सहरावत सहित युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध हथियार सहित युवक काबू

**तावडू ।** उपमंडल के गांव धुलावट पुल के नीचे से पुलिस ने सूचना पर एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए बाईपास पर मौजूद थी कि सूचना मिली कि रोजकामेव के गांव बडवा निवासी फारुक अपने पास अवैध हथियार रखता है और आज भी अवैध हथियार को लेकर कहीं जाने की फिराक में गांव घुलावट पुल के पास किसी वाहन के इन्तजार में खड़ा हुआ है। यदि फोरी रेड की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। पुलिस ने सचूना पर छापेमारी की जहां एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर तेज-तेज कदमों से भागने गला। जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। जिसने अपनी पहचान गांव बडवा निवासी फारूख के रूप में कराई। जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने फारूख के खिलाफ आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**तावडू ।** उपमंडल के गांव धुलावट केएमपी पर एक अज्ञात वाहन चालक ने एक बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उत्तर प्रदेश के गांव गडीमा निवासी औमबीर सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायता में बताया कि उसका छोटा भाई सत्यपाल नौकरी की तलाश में गत 27 सितंबर को अपनी बाइक पर सवार होकर गुरुग्राम गया था। उसी दिन सांय उन्हें सूचना मिली कि उसके भाई सत्यपाल का केएमपी रोड पलवल से बिलासपुर जाने वाले रोड पर गांव धुलावट के समीप अज्ञात गाड़ी चालक ने गाड़ी को तेज गति व लापरवाही से चलाकर एक्सीडेन्ट कर दिया है। इस एक्सीडेन्ट में लगी चोटों के कारण उसके भाई सत्यपाल की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने औमबीर की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मेवात की प्राचीन धरोहरों पर नहीं है प्रशासन का ध्यान

# खंडहरों में तब्दील हो रही प्राचीन धरोहरें

### मेवात के लोगों ने इन प्राचीन धरोहरों की हरियाणा सरकार से जीर्णोद्धार कराने की मांग की

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। हरियाणा प्रदेश के मेवात का इतिहास बहुत पुराना और आकर्षक है। इसका एक अद्भुत नमूना है मेवात के उस समय के सबसे धनी व्यक्ति सेठ चूहेमल की छतरी और सेठ चूहेमल का तालाब। माना जाता है कि लगभग ढाई सौ साल पहले मेवात के सबसे धनी व्यक्ति सेठ चूहीमल के बेटे हुकुमचंद ने इस छतरी और तालाब को अपने पिता की याद में बनवाया था उनके बेटे ने अपने पिता सेठ चूहीमल के मरनोप्रांत उनकी याद में उनकी समाधि के रूप में इस छतरी को बनवाया था। हुकुमचंद ने इसे इतना आकर्षक और खूबसूरत बनवाया था कि आज भी इसकी नक्काशी देखते ही बनती है।



#### आज भी बना हुआ है पर्यटन का केंद्र

आपको बता दे कि इस आकर्षक और खूबसूरत प्राचीन धरोहर के बारे में जो लोग सुनते हैं वह इसे देखने आते हैं और इसकी खूब तारीफ भी करते हैं। उनका मानना है कि अगर प्रशासन ध्यान दे तो मेवात में बहुत प्रसिद्ध स्थल बन सकता है यह स्थल। इसके चारों तरफ बनी छोटी-छोटी छतरियां मिनी ताजमहल की तरह इसको बनाती हैं। जिसे देखने के लिए कम ही सही पर आज भी लोग आते हैं।

#### चूहीमल के तालाब का इतिहास

चूहीमल का तालाब एक अद्भुत प्राचीन धरोहर है जिसके रहस्यों के बारे में आज भी लोग बातें करते हैं और मानते भी हैं। इसका निर्माण सेठ चूहीमल ने लगभग 250 से 300 साल पहले यहां के लोगों के पानी की आपूर्ति के लिए करवाया था। माना जाता है कि यहां का पानी कभी नहीं सूखता था।


इसके नीचे बहुत से कुएं बनवाए गए थे। माना यह भी जाता है कि अगर कोई इस तालाब में गया तो वापस नहीं आ पाया। इसकी गहराई का रहस्य आज तक कोई जान नहीं पाया है। इसके चारों ओर 8 गुंबद बने हुए हैं और दो धर्मशाला भी हैं, जो उस समय महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बनाई गई थी।

#### चूहीमल की छतरी की बनावट और इतिहास



आपको बता दें कि यह सेठ चूहीमल की छतरी चारों ओर से देखने में एक समान दिखाई देती है। इसका आकार बिल्कुल चौकोर है। किसी भी तरफ से देखने पर यह एक समान ही दिखाई देती है। इस आकृति के बिलकुल बीच में बनाई गई है सेठ चूहेमल की समाधि। इसको बनाने में हल्के पीले रंग और लाल रंग के पत्थर का प्रयोग किया गया है जो अरावली के पर्वतों से लाया गया था। आपको बता दें कि इस छतरी की नक्काशी महाराष्ट्र में स्थित प्रसिद्ध अजंता और एलोरा की गुफाओं से मेल खाती है। जो आकृतियां वहां पर बनी हुई है लगभग वैसे ही आकृतियां इस छतरी पर देखी जा सकती हैं, जो देखने में बहुत ही आकर्षक लगती हैं।

#### प्रशासन की लापरवाही से खंडहर की तरह दिखाई देते हैं अब ये प्राचीन धरोहर



यह प्राचीन धरोहरे प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी के कारण खंडहरों में तब्दील होती जा रही हैं। इतनी प्राचीन और रहस्यमई धरोहर जिनका जीर्णोद्धार अब तक हो जाना चाहिए था, उन पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है ।यह धरोहर जगह जगह से टूट रही है और यहां चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

## बाजरे की खरीद का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

# बाजरे की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार : संजय सिंह



**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू। शहर की नई अनाजमंडी में गुरूवार को सोहना-तावडू विधायक कंवर संजय सिंह ने पहुंच बाजरे की फसल खरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी में सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। बाजरे की बंपर आवक को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क नजर आया। जिससे विधायक भी संतुष्ट नजर आए। विधायक ने कहा कि किसानों की बाजरे की फसल का एक-एक दाना सरकार खरीद करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत 3 सौ रूपए प्रति क्विंटल देगी। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार भी मौजूद रहे। वहीं मार्किट कमेटी से आक्सन रिकार्डर स्वेतकेतु, अमित कुमार, हैफेड मैनेजर नीरज यादव, मंडी प्रधान संजय खेडिया, पूर्व प्रधान सुभाष चंद गुप्ता, व्यापारी कालीचरण, विरेन्द्र कुमार, रगबर दयाल आदि मौजूद रहे।

## नूंह व पुन्हाना में 3 से 9 अक्टूबर तक चलाया जाएगा संकल्प सप्ताह

# आकांक्षी खंडों में संकल्प सप्ताह का कल शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री मोदी : धीरेंद्र

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से आकांक्षी खंडों में आगामी 3 से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 सितंबर दोपहर 12 बजे नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से करेंगे। उन्होंने बताया कि नूंह जिला के आकांक्षी खंड नूंह व पुन्हाना में भी वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन कार्यक्रम के लिए नूंह व पुन्हाना खंड के बीडीपीओ सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। इस संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ओवरआल इंचार्ज होंगे तथा संबंधित एसडीएम अपनी देखरेख में सभी तैयारियां सुनिश्चित



**सप्ताह भर होंगी विभिन्न गतिविधियां आयोजित**

कराएंगे। उपायुक्त ने बताया कि 3 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में तीन अक्टूबर को संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन खंड पीएचसी या वेलनेस सेंटर में होंगे। इसके नोडल अधिकारी सिविल सर्जन नूंह, एसएमओ नूंह व पुन्हाना होंगे। इसी प्रकार 4 अक्टूबर को सुपोषित परिवार-पोषण मेला कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण व न्यूट्रीशन मेलों का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस नूंह, सीडीपीओ नूंह व पुन्हाना नोडल अधिकारी होंगी। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता शिविर व सफाई अभियान का आयोजन होगा, इसके लिए नोडल अधिकारी असिस्टेंट सीईओ डीआरडीए नूंह व डीपीएम, एसबीएम, नूंह तथा डीईओ नूंह होंगे। इसी प्रकार 6 अक्टूबर को कृषि महोत्सव कार्यक्रम के तहत कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए नोडल अधिकारी डीडीए नूंह, डीएचओ नूंह व डीपीएम एसबीएम नूंह होंगे। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम के तहत शिक्षा मेला व शिक्षा गतिविधि कार्यक्रम होंगे, जिसके नोडल अधिकारी डीईओ, डीईईओ नूंह, बीईओ नूंह व बीईओ पुन्हाना होंगे। इसी प्रकार 8 अक्टूबर को समृद्धि दिवस कार्यक्रम के तहत आजीविका मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसके नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक एमएसएमई रोजकामेव, एलडीएम केनरा बैंक, डीपीएम एसबीएम नूंह होंगे। इसी प्रकार 9 अक्टूबर को संकल्प सप्ताह के तहत समावेश समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए नोडल अधिकारी बीडीपीओ नूंह व पुन्हाना, डीडीए नूंह व डीएचओ नूंह होंगे ।

## नूंह पुलिस कराएगी सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा

# बच्चों को शुरुआत से ही यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करना ही मुख्य उद्देश्य : बिजारणिया

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला नूंह के सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई इत्यादि में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पटीशन करवाया जाएगा । उक्त जानकारी मेवात के पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने देते हुए बताया कि पहले राउंड में 13 अक्टूबर व दूसरे राउंड में 27 अक्टूबर को परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी, यह परीक्षा 4 स्तरों में होगी। उन्होंने कहा कि पहले लेवल में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8 तथा लेवल 3 में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।। इतना ही नहीं यह प्रतियोगिता 4 स्तरों जिसमें ब्लॉक स्तर, उप-मण्डल स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर की जाएगी । ब्लॉक स्तर पर प्रथम,



द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को उप-मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा । उप-मण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले का मौका मिलेगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीया आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अक्टूबर माह से यह प्रतियोगिता करवाई जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा इस बारे में सभी तैयारी पूर्ण कर जल्द ही परीक्षा का आयोजन किया जाएगा ।

# सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने पुलिस को सौंपे 10 बैरिकेड

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय नूंह की ओर से वीरवार को थाना शहर नूंह को नवनिर्मित 10 ट्रैफिक बैरिकेड सौंपे गए। इस अवसर पर बैंक की और से क्षेत्रीय प्रबंधक जय भगवान श्योराण, वरिष्ट प्रबंधक अक्षय बेनीवाल, विकाश यादव व नूंह शाखा प्रबंधक शैलेंद्र चौमिया उपस्थित रहे। बैंक द्वारा सामाजिक उतरदायित्व निर्वहन योजना के तहत विशेष रूप से बनवाये गए 10 बैरिकेड को को शहर थाना प्रभारी नूंह ओमवीर सिंह को सौपे गए। क्षेत्रीय प्रबंधक जय भगवान श्योराण ने बताया कि ट्रैफिक जाम व् से क दुर्घटनाओं को रोकने में बैरिकेड सहायक साबित होंगे तथा यातायात वयवस्था को सुचारु बनाये रखने में मददगार होंगे।




उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस के साथ साझा संकल्प में यह एक छोटा सा कदम है, और सुनिश्चित करते हैं की आगे भी हम साथ मिलकर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। वहीं कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक 680 शाखाओं के साथ प्रदेश का सबसे बे ा बैंक है। बैंक द्वारा सामाजिक कॉर्पोरेट दायित्वों का निर्वहन करते हुवे आमजन की मदद के लिए ये बैरिकेड सौंपे गए है।

## कार्यक्रम

## कायस्थ भुर्जी सेवा समिति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# कायस्थ भुर्जी समाज को नप बनवा के देगी सामाजिक चौपाल: संजय मनोचा

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

**नूंह।** देर सांय भगवान चित्रगुप्त महाराज कायस्थ भुर्जी समाज सेवा समिति के तत्त्वधान में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर सोहना, हथीन, पानीपत आदि से समाज के वरिष्ठ लोगों ने शिरकत की। नूंह नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा व पूर्व नपा अध्यक्ष पति समाजसेवी विष्णू सिंगला के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता डा0 सारिक हुसैन, यशपाल संगेलिया, इमरान सरपंच घासेडा, हेमंत शर्मा, समाज की प्रांतीय कमेटी के सदस्य जगदीश चंद माथुर, सतेन्द्र एडवोकेट, सोहना इकाई के प्रधान सुरेन्द्र माथुर, हथीन से सुशील सक्सैना ने नूंह कमेटी के नवनियुक्त प्रधान खूबचंद माथुर, उप प्रधान संजय सक्सैना, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र माथुर, ज्वाइंट सचिव मोनू माथुर, युवा प्रधान सतीश सक्सैना, युवा उप प्रधान प्रवीण माथुर का फूलमालाओं व पगडी बांधकर सम्मान किया। कार्यक्रम में नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा बतौर




मुख्य अतिथि के रूम में पहुंचे और उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि नगर परिषद द्वारा उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्रमुखता से कराया जाएगा। इतना ही नहीं समाज के लिए चौपाल की मांग पर नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा ने कहा कि नगर परिषद द्वारा उन्हें भूमि देकर उसमें जल्द से जल्द समाज के लिए चौपाल बनाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर मदनलाल माथुर, वाईपी जोहरी, मदनमाडिया, ओमी, प्रेम, मूला, कुंदन, कपला, रामकिशन, सुभाष,हरिओम भटनागर, श्रीचंद, मनोज माथुर, सोनू, यश माथुर, दिवाकर, सचिन माथुर, विजय, सुनील सक्सैना, रजत पटेल गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

#### 2 लाख 51 हजार देने की घोषणा

वहीं पूर्व नपा प्रधान पति विष्णू सिंगला ने 2 लाख 51 हजार रूपये समाज की चौपाल निर्माण के वक्त देने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ हुई। इस अवसर पर समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने व पिछडे समाज को अग्रणी समाज की श्रेणी में लाने के लिए अपने-अपने विचार रखे गये। इस मौके पर बड़ी तादाद में समाज की महिलाएं, बुजुर्ग, युवाओं के अलावा अन्य समाज के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें बैंक: संजीव कुमार

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू।उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में बैठक हुई। जिसमें लीड बैंक मैनेजर कैनरा बैंक, सहित सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एसडीएम ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत विभागों के माध्यम से ऋण आदि के लिए उनकी ब्रांच में जो भी आवेदन आए हैं, उन सभी पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं तथा प्रार्थी का ऋण मंजूर कर योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके



सफल क्रियान्वयन के लिए बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए कि इस योजना के तहत लंबित सभी आवेदनों का निपटान तुरंत करें।

## खबर फटाफट

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत गांव सुनारिया में निकाली अमृत कलश यात्रा



**रेवाड़ी।** नेहरू युवा केंद्र रेवाड़ी के तत्वाधान में आजादी के अमृतकाल में मेरी माटी मेरा देश-माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत गुरूवार को ग्राम सुनारिया में अमृत कलश यात्रा निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता खाटू श्याम युवा क्लब के अध्यक्ष मनीष कुमार द्वारा की गई। अमृत कलश यात्रा के दौरान घरों से मिट्टी व चावल इक्कठे किए गए।जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल ने बताया अमृत कलश यात्रा ग्राम स्तर पर 30 सितंबर तक, ब्लॉक स्तर पर 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक एवं राज्य स्तर पर 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत घर-घर से मिट्टी व चावल कलश में एकत्रित किये जाएंगे। इस मौके पर खाटू श्याम युवा क्लब के मनीष कुमार यादव, रविंद्र, श्रवण, इंद्रजीत, राकेश, पवन, संजय, विकास आदि मौजूद रहे।

### दुकान, साइकिल व मोटर साइकिल स्टैंड किराए पर देने के लिए 4 अक्टूबर को होगी नीलामी

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी के महाप्रबंधक रवीश हुड्डा ने बताया कि रेवाड़ी आगार के अधीन रेवाड़ी, कोसली व बावल (नया बस स्टैंड) स्थित बस स्टैंड पर दुकानों, साइकिल व मोटर साइकिल स्टैंड क किराए पर देने के लिए नीलामी प्रक्रिया 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से बस स्टैंड परिसर में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्यदिवस में 500 रुपए की अदायगी करके दुकानों की नीलामी से संबंधित नियम व शर्तों की जानकारी व फार्म भवन लिपिक कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी से प्राप्त कर सकते हैं।

### स्कूली परीक्षाओं के मद्देनजर शतरंज प्रतियोगिता स्थगित

**रेवाड़ी।** नित्या फाउंडेशन व ब्राह्मण सभा जिला रेवाड़ी द्वारा ब्रह्मगढ पर आगामी एक व दो अक्तूबर को आयोजित की जाने वाली शतरंज प्रतियोगिता को सभी स्कूलों में परीक्षा होने के कारण प्रतिभागियों एवं स्कूल संचालकों के निवेदन पर स्थगित कर दिया गया है।
नित्या फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र मुदगिल ने बताया कि अब यह प्रतियोगिता आगामी 16 व 17 दिसंबर 2023 को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नई तिथियां जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन आज लेंगे अधिकारियों की बैठक

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार 29 सितंबर को दोपहर 12ः30 बजे लोकनिर्माण विश्राम गृह में सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभागाध्यक्षो व संबंधित अधिकारियों की बैठक लेंगे।डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि सफाई चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार दोपहर 1 बजे शहर के बाल भवन सभागार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सफाई कर्मचारियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याएं व शिकायतें सुनेंगे। चेयरमैन इसके उपरांत दोहपर ढाई बजे लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला के सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभागाध्यक्षो व संबंधित अधिकारियों की बैठक लेंगे। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### कन्या जन्म पर कुआं पूजन कर मनाई खुशियां

**रेवाड़ी।** जिले के गांव लिसान में स्वर्गीय डॉ. शौदान की पौत्री प्रिया के जन्म पर माता अंजू तथा पिता यतेन्द्र कुमार के पहली सन्तान पुत्री पैदा होने पर गाजे-बाजे के साथ कुआं पूजन कर जमकर खुशियां मनाई गई। इससे पूर्व छठी की रात का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर कन्या की दादी कान्ता देवी तथा बेटी के माता-पिता ने हर्षित होकर बताया कि वे इस बिटिया को बेटे से भी अधिक प्यार से पालेंगे तथा अच्छी शिक्षा देकर शिक्षित बनाने के भरसक प्रयास करेंगे।इस अवसर पर सोहना देवी, लाली देवी तथा अन्य उपस्थित महिलाओं ने कन्या को आशीर्वाद दिया। आवाज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र रंगा, प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्यनारायण सांभरिया, हरद्वारी लाल, ब्लॉक समिति डहीना के सदस्य बलदेव सिंह व गांव के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी नवजात कन्या को आशीर्वाद दिया गया।



### आरपीएस स्कूल के 32 विद्यार्थियों ने एनडीए की परीक्षा में हासिल की सफलता, किया सम्मान

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड़ स्थित आरपीएस स्कूल के 32 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल की। स्कूल के छात्र आकाश नेहरा, अभिरल यादव, अक्षत यादव, अनु यादव, अंशुल, अर्पित यादव, आर्यन, चिराग यादव, धवल, हर्ष चौहान, हर्षित, करण सिंह, कृष, लक्की, मोहक, मोहित यादव, प्रियांशु यादव, पुनीत कुमार, रजत राव, ऋषभ यादव, सचिन कुमार, श्रेयांश, सोहम यादव, तनुज यादव, तेजविंदर, उदित्य, विवान सिंह यादव, यमन, यशिका अग्रवाल, योगिता यादव व संदीप ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सभी सफल विद्यार्थियों को आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव व सीईओ मनीष राव ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था की चेयरपर्सन ने कहा कि आरपीएस संस्था के होनहार छात्र-छात्राएं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। सीईओ मनीष राव ने कहा कि प्रतिभागियों को तराशने के लिए शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षकगण समय-समय पर विद्यार्थियों और अभिभावकों से विचार विमर्श कर सफलता के नए आयाम गढ़ते रहते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विक्रम यादव, स्कूल डीन राकेश वशिष्ठ, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा के साथ-साथ सभी शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को फूलों का गुलदस्ता भेंट करके सम्मानित किया और उनके उज्व्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# पुलिस पढ़ाएगी सुरक्षा का पाठ

## सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा करवाकर बच्चों को करेगी यातायात नियमों के प्रति जागरुक

### उप पुलिस अधीक्षक जयपाल ने रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को लेकर लघु सचिवालय में ली बैठक



भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से सडे सुरक्षा क्विज कंपीटिशन कराने को लेकर जिला सचिवालय सभागार में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कॉलेज प्राचार्य और प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक जयपाल ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश अनुसार जिला के सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई इत्यादि में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पटीशन करवाया जाएगा। पहले राउंड में 13 अक्टूबर व दूसरे राउंड में 27 अक्टूबर को परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। यह परीक्षा 4 स्तरों में होगी। पहले लेवल में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8 तक, लेवल 3 में कक्षा 9 से 12वीं तक तथा लेवल 4 में कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता 4 स्तरों जिसमें ब्लॉक स्तर, उप.मण्डल स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को उपमण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उपमण्डल स्तर के विजेता छात्रों को जिला स्तरीय व जिला स्तर के विजेता छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रशोनत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा इस बारे में सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि जिला के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, मुख्य अध्यापकों को भी निर्देश दें कि वह अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी करवाए और हिस्सा लेने के बारे में भी प्रोत्साहित करे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह, इंचार्ज सिटी ट्रैफिक निरीक्षक बहादुर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विक्रम सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी सतपाल धूपिया, बीईओ पृथ्वीसिंह, जाटूसाना बीईओ राजकुमार जलवा, नाहड़ बीईओ राजेंद्र शर्मा, डीपीसी मोहिंद्र सिंह सहित विभिन्न स्कूलोंध्कॉलेज के प्राचार्य और प्रतिनिधि के साथ आईटीआई प्राचार्य भी मौजूद रहे।

## कोसली के विधायक को बनाया राजस्थान के नागौर जिले का प्रभारी

### शीर्ष नेतृत्व ने जताया विश्वास, जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र



भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। देशभर के करीब 15 राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी प्रबंधन का दायित्व निभा चुके भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को अब आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिला नागौर के प्रभारी का दायित्व सौंपा है। श्री यादव के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ उठाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें पांच विधानसभा क्षेत्रों में कमल खिलाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि संगठन ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व करीब 15 राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में वे चुनाव प्रचार व प्रबंधन की जिम्मेवारी संभाल चुके हैं। जिनके सकारात्मक परिणाम भी संगठन को मिले हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे बिहार, यूपी, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, मध्यप्रदेश सहित करीब 15 राज्यों में चुनाव प्रबंधन तथा प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी को बखूनी निभा चुके हैं। उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुए संगठन ने पुनः विशवास जताते हुए बड़ा दायित्व सौंपा है। उन्होंने बताया कि वे नागौर जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों नावा, पर्वत्सर, मकराना, ढिवाणा तथा लाढनु विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। इन पांचों विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक बिसात बिछाने के लिए वे शीघ्र ही नागौर के लिए रवाना होंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। क्योंकि राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है।

### निजी स्कूल के टीचर पर

## अन्य अध्यापकों के साथ मिलकर गबन करने का आरोप

#### बावल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरु की जांच

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिले के गांव नंगली परसापुर स्थित एक निजी विद्यालय में लाखों के गबन, गार्ड के साथ मारपीट व रिकार्ड चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के उपरांत बावल थाना पुलिस ने स्कूल के एक अध्यापक सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।
जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के कापासहेड़ा निवासी लोकेंद्र यादव ने बताया कि रेवाड़ी जिले के गांव नंगली परसापुर में उनका स्कूल है। कोविड के उपरांत स्कूल की देखरेख के लिए एक अध्यापक को रखा हुआ था। कुछ दिनों पूर्व उन्हें पता लगा कि स्कूल के 132 बच्चों की फीस को लेकर गड़बड़छाला किया गया है। फीस के साथ-साथ स्कूल में करीब 40 से 50 लाख रुपये तक का गबन किया गया है। उन्होंने शिकायत के बताया कि उक्त अध्यापक के अलावा दो अन्य अध्यापकों ने स्कूल के बच्चों की फीस स्वयं के अपने खातों में जमा करा ली। उन्हें यह भी पता लगा कि आरोपी शिक्षक ने कुछ लोगों के साथ स्कूल में आकर गार्ड के साथ मारपीट की तथा उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। उन्होंने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार हटाए दिए तथा स्कूल रिकार्ड भी चोरी कर लिया। शिकायत के बाद बावल थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### सूने घर में सेंध लगा एक लाख की नकदी व अन्य सामान चोरी

**रेवाड़ी।** जिले के कस्बा धारुहेड़ा के एक सूने मकान की खिड ी का शीशा तोड र घुसा चोर एक लाख की नकदी व गहने चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सेक्टर छह थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा धारुहेड़ा के सेक्टर में व्यवसायी दिनेश कुमार परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि गत दिनों घर पर ताला लगाकर वह परिवार के साथ राजस्थान के सीकर गए हुए थे। पीछे से घर की खिड ी का शीशा तोड र चोर घर में घुसा व एक लाख की नकदी व जेवरात चोरी कर ले गया। जब वे वापस लौटे तो उन्हें कमरे में रखी अलमारी व बैड सहित सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दिनेश कुमार के अनुसार चोर उनके घर से एक लाख रुपये की नकदी, गहने तथा मोबाइल चोरी कर ले गया। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए कैद हो गया है। चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना के बाद सेक्टर छह थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाएं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरु कर दी है।

## माउंट हेरीटेज स्कूल के छात्र पराग ने एनडीए की परीक्षा में मारी बाजी

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। रोड़ स्थित माउंट हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र पराग सिंह पुत्र बलकार सिंह व सविता ने एनडीए में सफलता प्राप्त करके अपने माता-पिता, विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।यूपीएससी की ओर से एनडीए की परीक्षा 3 सितंबर 2023 को आयोजित कराई गई थ। इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र पराग सिंह ने अपनी निष्ठा व लगनशीलता के बल पर सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा छात्र पराग का माला पहनकर स्वागत किया गया। विद्यालय की तरफ से कुल छह विद्यार्थियों के द्वारा इस परीक्षा में भाग लिया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समर भारद्वाज के द्वारा छात्र पराग को प्रोत्साहित करते हुए उसका मार्गदर्शन किया गया और भविष्य में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र पराग के द्वारा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को दिया गया और बताया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण गोयल, डायरेक्टर प्रशांत गोयल, एकेडमिक डायरेक्टर नरेश यादव तथा प्रबंधन डायरेक्टर डीआर यादव व अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## जय सिंह जाटूसाना सर्वसम्मति से बने शिवमोहन गौशाला के प्रधान

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। गांव जाटूसाना स्थित शिव मोहन गौशाला में गौशाला से जुड़े गांवों की बैठक अशोक प्रधान मूसेपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन चेयरमैन मनोज यादव ने किया। बैठक में गौशाला की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से जय सिंह जाटूसाना को प्रधान, हंसराज ढाणी जाटुसाना को उपप्रधान, श्रीभगवान सुमा कतोपुरी को सचिव एवं दानवीर जाटूसाना को कोषाध्यक्ष चुन लिया गया। पूर्व प्रधान रविंद्र आशावादी ने नवनिर्वाचित प्रधान जय सिंह यादव का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस दौरान 11 सदस्य कमेटी का गठन भी किया गया।गौ सेवक अशोक मूसेपुर को प्रबन्धक की जिम्मेदारी दी। पूर्व पार्षद अमित यादव को संस्था को रजिस्ट्रेशन करने का दायित्व दिया गया। पूर्व प्रधान रविंद्र आशावादी ने सभी का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। मनोज यादव चेयरमैन ने सभी पदाधिकारियों को सेवा करने की शपथ दिलाई। गौशाला प्रवक्ता रविंद्र आशावादी ने बताया कि इस मौके पर खूबराम, सूबेदार हरि सिंह, राज सिंह मुरलीपुर, यशपाल सरपंच जखाला, पंच रवि, राममेहर मोतला खुर्द, राजपाल यादव, रमेश कुमार सरपंच मूसेपुर, जीतू सरपंच हालुहेडा, ज्ञानी राम सरपंच ढोकिया, रोहतास सरपंच, एक्स सरपंच होशियार, तुलाराम, करतार सिंह बुडोली, जयवीर औलात, पंडित दुलीचंद, गोविंद सैन, ताजेंद्र, मास्टर विपिन, उमेद जेई, भागमल रामपुरी, अशोक फौजी. रणसिंह समेत अनेक गौसेवक मौजूद थे।

## जागरुकता रैली से स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

### आईजीयू की ओर से स्लोगन, भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभागाध्यक्ष डा. विकास बत्रा के नेतृत्व में विभाग के छात्रों के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ एवं भगवानपुर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान पर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही स्लोगन, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
सहायक प्रोफेसर डा. गीतिका मल्होत्रा, डा. स्वाति बिष्ट ने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य और पोषण अभियान के बारे में जानकारी दी। स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता कुमारी ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राजकीय उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान पर पोस्टर बनाए। महिला बाल विकास के अधिकारी नवीन ने आंगनवाड़ी प्ले स्कूल की स्कीम के बारे में बताया। शक्ति वाहिनी के अधिकारी अजीत ने बाल विवाह रोकथाम पर शपथ दिलवाई। समाज कार्य विभाग की तरफ से बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। समाज कार्य विभाग के छात्र जसवीर, केशव, शिशिर, देव, नितिन राठी, राहुल खान, प्रियंका, इंसाफ खान, रवि, शीतल, अंजली, गोविंद, राहुल, रजत, मंजीत, गौरव और संजय ने रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### डीसी ने आमजन से किया एक अक्टूबर को एक घंटा श्रमदान करने का आह्वान

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि श्रमदान स्वच्छता का आधार है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे से आमजन के सहयोग से जिला रेवाड़ी के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से एक घंटे का श्रमदान करने का आह्वान किया है। श्रमदान कार्यक्रम के तहत गलियों, नालियों व आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत घर, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर सामुहिक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने आमजन सहित पंचायत प्रतिनिधियों से श्रमदान कार्यक्रम में बढ़चढ र श्रमदान करने की अपील की। डीसी ने कहा कि सभी अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय स्वच्छता के लिए अवश्य निकालें और स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में सहयोग करते हुए भागीदार बनें और अपने जिला, राज्य व राष्ट्र को साफ और स्वच्छ बनाएं। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी गली, आस-पड़ोस, किसी पार्क, नदी, तालाब या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि 1 अक्टूबर को 1 घंटा श्रमदान कर स्वच्छता में भागीदार बने और अपनी स्वच्छता वाली सेल्फी स्वच्छता ही सेवा-सिटिजन पोर्टल पर अपलोड करें।डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए संदेश दिया था। उनके द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान ने देश में स्वच्छता व सफाई के प्रति जागरूकता में बढ़ोतरी हुई है।

## पहल

### धारूहेड़ा में विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के लिए लगाया जागरूकता कैंप

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : पाटिल

#### विमुक्त एवं घुमंतु जातियों के लाभार्थियों ने उठाया कैंप का लाभ

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। विमुक्त एवं घुमंतु जातियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरूवार को डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जिला के खंड धारूहेड़ा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पात्र लोगों ने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए मूलभूत दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पेंशन ,वोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि बनवाए और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रमों की श्रृंखला में विमुक्त, टपरीवास, घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु जाति के नागरिकों के साथ-साथ सभी श्रेणी के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से खंड स्तर पर मेले लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से विमुक्त व घुमंतु जातियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए मेलों का आयोजन सजगता पूर्वक किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं का लाभ अविलंब पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मेलों में विमुक्त, टपरीवास, घुमन्तु, अर्ध घुमन्तु जाति के साथ-साथ सभी श्रेणियों के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

#### आज सभी वर्गों के लिए लगेगा कैंप : डीडब्ल्यूओ

मेलों के नोडल अधिकारी एवं जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार 29 सितंबर को सभी वर्गों के लिए तथा गुरूवार 5 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय बावल मे विमुक्त घुमंतू श्रेणी व शुक्रवार 6 अक्टूबर को सभी वर्गों के लिए प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक मेलों का आयोजन होगा।

#### कैंप में मौके पर ही बनाए जा रहे मतदाता पहचान पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से शिविर में आए विमुक्त व घुमंतु जाति सहित आम नागरिकों के फार्म 6 भरवाकर मतदाता पहचान पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने बारे जागरूक भी किया जा रहा है। इसके साथ-साथ संबंधित विभागों द्वारा राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र बनवाने के साथ योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। कैंप आयोजित करने के पीछे सरकार का मुख्य मकसद यही है कि विमुक्त, टपरीवास, घुमन्तु अर्ध घुमन्तु जाति के नागरिकों के प्रमाण पत्र संबंधित खंडों में बनाए जाएं ताकि पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ मिल सके।

### नाबालिग से सेक्सुअल असॉल्ट का मामला

## आरोपी को पांच साल की कैद, 11 हजार जुर्माना

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला महेंद्रगढ़ के सभी प्रबंधक थाना, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को विशेष निर्देश दिए हुए हैं कि महिला विरुद्ध अपराध व पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत का बिना किसी विलंब के शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित करें, साथ ही महत्वपूर्ण साक्ष्य व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कार्यवाही करते हुए न्यायालय में आरोपियों को दंड व पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करें। इन्हीं निर्देशों की पालना के परिणाम स्वरूप महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ सेक्सुअल असॉल्ट करने के मामले में आज वीरवार को अमनदीप दीवान स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो नारनौल की कोर्ट ने आरोपी अमित को दोषी करार देते हुए धारा 323 आईपीसी के तहत 1 वर्ष, धारा 506 आईपीसी के तहत 2 वर्ष और धारा 8 पॉक्सो एक्ट के तहत 5 वर्ष और धारा 12 पॉक्सो एक्ट के तहत 3 वर्ष कठोर कारावास की सजा व कुल 11 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।मामले की सुनवाई अमन दीप दीवान स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो नारनौल की कोर्ट में हुई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान उप जिला न्यायवादी भारत भूषण दहिया ने मामले में अभियोजन के पक्ष में पैरवी करते हुए न्यायाधीश के सम्मुख दलीलें पेश करते हुए आरोपी को सजा दिलाई।

#### 20 जून 2020 को पुलिस ने किया केस दर्ज

मामले के अनुसार 20 जून 2020 को नाबालिग पीड़िता की मां की शिकायत पर ब्यान पर थाना महेंद्रगढ़ में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी के द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ सेक्सुअल असॉल्ट करने और फोन पर परेशान करने के आरोप थे और विरोध करने पर आरोपी व उसके परिवार द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप थे। इस संबंध में थाना महेंद्रगढ़ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया था। इसके बाद नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आंकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था।

## खबर फटाफट

### वालीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय छिलरो की टीम रही विजय

**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से संबद्धित सभी महाविद्यालयों की दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आरपीएस कॉलेज बलाना में हुआ। जिसमें राजकीय महाविद्यालय छिलरो की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने महाराणा प्रताप कॉलेज धनोन्द व यदुवंशी कॉलेज महेंद्रगढ़ को हराकर उपविजेता रही। जंहा उपविजेता टीम का महाविद्यालय छिलरो पंहुचने पर खेल प्रभारी डा. कुलदीप यादव तथा स्टाफ सदस्यों डा. सीमा, डा. नीरज यादव, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डा. मनोज सैनी, डॉ. अखिलेश, डॉ. सुभाष सिंह, डा. संजीत यादव, प्रिंस वर्मा व विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। जहां सभी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए लगातार मेहनत करते रहने के साथ साथ भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करके महाविद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया।

### लवकेश का एनडीए में चयन, अध्यापकों ने दी बधाई

**नारनौल।** एनडीए की परीक्षा में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के छात्र लवकेश पुत्र रणवीर गांव सैदपुर का चयन हुआ। अध्यापकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए विधालय प्रचार्या अनिता देवी ने बताया कि कड़ी मेंहनत व दृढ संकल्प से किये गये कार्य में व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। इन प्रकार की परीक्षा में हम हर साल उत्कर्ष परिणाम देते रहे है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि एनडीए की परीक्षा में अगर आपको सफल होना हैं तो नियमित रूप से पढ़ाई व समय का सदपयोग करने की आवश्यकता है। इस मौके पर विधालय स्टाफ सुमन यादव, गुलाबसिहं, प्रदीप कुमार, दीपक, राजबाला, ज्योति यादव, पूजा शर्मा, मोनिका, सुनीता यादव आदि उपस्थित रहे।

### आरटीआई विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धोलेड़ा में आज कानूनी साक्षरता क्लब की ओर से जन सूचना अधिकार अधिनियम-2005 विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता एस.आर.एस.पद्धति से संपन्न की गई। जिसमें आरटीआई से जुड़े हुए विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्राचार्य नगेंद्र सिंह ने कहा कि कानूनी साक्षरता क्लब के माध्यम से जो प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। उसमें प्रश्न इस प्रकार से पूछे गए कि इससे सुनने वालों को भी इस अधिनियम के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हो जाती है। इस तरह के आयोजन बच्चों में सृजनात्मक क्षमताओं का विकास करते हैं। उप प्राचार्य डा. पंकज गौड़ ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके लिए न्याय कानूनी साक्षरता क्लब का मूल मंत्र है।जिसे जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी संदीप बंसल ने बताया कि कानूनी साक्षरता क्लब प्रश्नोत्तरी, लघु नाटिका भाषण प्रतियोगिताएं,वाद विवाद प्रतियोगिता आदि के माध्यम से लगातार लोगों को कानून के प्रति जानकारी देने का कार्य करता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम डी की निकिता, मनीषा, खुशी, वंशिका ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर खुशी, कशिश, लक्ष्मी, हीनू ने तथा तृतीय स्थान पर नितेश, पियूष, विवेक, दीपेंद्र ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने किया। क्विज मास्टर की भूमिका स्टेट अवार्ड डा. जितेंद्र भारद्वाज, सुशील सैनी, राकेश कुमार व विक्रम सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्रवक्ता राजपाल सिंह यादव, उमेद सिंह, दीपक शर्मा, शमेसिंह यादव, विक्रम सिंह, डा. मनोज आफरिया, पवन कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार, भूपसिंह यादव, महेश शर्मा, एबीआरसी मुकेश देवी सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### योग एवं लाठी प्रशिक्षण शिविर एक से

**नारनौल।** दो दिवसीय योग एवं लाठी प्रशिक्षण शिविर गांव राता में एक अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन हरियाणा सरकार में मंत्री रहे ओमप्रकाश यादव करेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्ष विधायक सीताराम यादव व पूर्व विधायक नरेश यादव करेंगे। योग एवं लाठी प्रशिक्षण आचार्य नरेन्द्र, शैलजा, प्रदीप, राजेन्द्र प्रसाद व ओमप्रकाश आर्य देंगे। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान हरदयाल आर्य, विधा सागर, रजनी देवी सरपंच व जजपा के पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वेदू राता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### श्याम मंदिर जोरासी में वार्षिक महोत्सव

**नारनौल।** श्याम सेवा संस्था श्री श्याम दीवाने नारनौल द्वारा आओ श्याम रिझाये हम, विश्वास एक संकीर्तन के संग का भव्य आयोजन 30 सितम्बर को श्री श्याम मंदिर जोरासी धाम पर साय॰ 7॰15 बजे से किया जाएगा। जिसमें श्याम मन्दिर जोरासी के पुजारी कमलकांत शास्त्री ने बताया कि श्याम दीवाने मण्डल पिछले 4 वर्षों से जैसे हर वर्ष बाबा को रिझाने के लिए वार्षिक उत्सव करते आ रहे है। उस ही कड़ी में इस वर्ष बाबा को रिझाने अपने भजनों के भावों से मनाने के लिए श्री वृंदावन धाम से श्याम जगत की लाड़ली साध्वी पूर्णिमा दीदी, साथ में खलीलाबाद से सबके चहिते हरविंदर सिंह रोमी भैया और नारनौल से विकास जांगिड़ एवं तिजारा से अपनी मधुर वाणी से संकीर्तन को भक्तिमय करने आ रहे सुधांशु गौतम। इस वार्षिक महोत्सव में अपने सुरों के साज के साथ रेवाड़ी के मशहूर म्यूजिशियन अमित म्यूजिकल ग्रुप साथ ही कोलकाता के कारीगरों द्वारा उत्सव स्थल को वृंदावन धाम का रूप दिया जाएगा।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर की वीसी

**नारनौल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अमनीत पी कुमार ने कहा कि सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना है। हरियाणा सरकार ने बेटियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रखी है। धीरे-धीरे समाज में इसका सकारात्मक असर भी दिखने को मिल रहा है। श्रीमती कुमार आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रही थी। सबसे पहले उन्होंने राज्य में विभिन्न पंजीकरण इकाइयों में जन्म पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जन्म के समय ही पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

# गेट पास न कटने से नाराज किसानों ने नारनौल-रेवाड़ी रोड को किया जाम

## एसडीएम ने मोर्चा संभाला, गेट पास कटवा बनाई व्यवस्था

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। अटेली अनाज मंडी में बाजरा की खरीद को लेकर मंडी में पहुंचे किसानों के गेट पास न काटे जाने से नाराज किसानों ने रेवाड़ी-नारनौल रोड़ को जाम कर दिया। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई तथा अनेक लोग जाम में फंसे रहे। जाम लगाने से पहले मंडी में बाजरा लाने वाले किसानों के वाहनों से पहले ही जाम की स्थिति बनी हुई थी। किसान रोड़ पर बैठ जाने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर एसडीएम मनोज कुमार ने मंडी में पहुंच कर स्वयं मोर्चा संभाला। स्वयं गेट पास कटवाने का काम शुरू करवाया जिससे किसान शान्त हुए। एसडीएम ने उपस्थित सभी किसानों के कागजात लिए तथा दो स्थानों पर गेट पास काटने की व्यवस्था शुरू करवाई । जिससे मंडी की व्यवस्था शुचारू रूप से चली। हालांकि मंडी में काफी संख्या में किसान बाजरा बेचने पहुंच गए। सभी किसानों की बाजरा की खरीद संभव नहीं है। आज कल बाजरा लाने वाले किसानों का ही बाजरा खरीदा गया। मंडी में 25 हजार क्रिंटल से अधिक बाजरां किसानों का खरीदा गया। बाजरा खरीद अधिकारी हेफड़ प्रबंधक सतेन्द्र यादव ने बताया कि मंडी में बाजरे की खरीद व उठान जारी है। एक साथ किसान मंडी में अधिक पहुंचने से परेशानी जरूर आ रही है। सभी किसानों का बाजरा एक ही दिन में खरीदना संभव नहीं है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल पक्ष पर दहेज व हत्या का आरोप लगाया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। गांव गोमला में बृहस्पतिवार 25 वर्षीय एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों का कहना है कि विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या की है, जबकि मायके पक्ष के लोगों ने उनकी बेटी की दहेज के लिए हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया है।




सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महेंद्रगढ़ के नागरीक अस्पताल में भिजवा दिया गया है पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के थानाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई निशा की मौत के मामले में मृतका के भाई दीपक सिगडा की बहन निशा की शादी गोमला निवासी सचिन पुत्र सुरेंद्र के साथ 15 मार्च 2021 को हुई थी। लडक़ी के भाई के बयान पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार गोमला में निशा पत्नी सचिन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार निशा ने सुबह अपने कमरे में फंदा डाल कर फांसी लगा ली। इसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी कनीना थाने में दी। कनीना थाने से सूचना मिलने पर निशा का भाई दीपक ने कुछ लोगों को साथ लेकर गोमला पहुंचा। जब मृतका का भाई पहुंचा, तब तक पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। वहां पहुंचने पर मृतका के भाई ने देखा कि शव पंखे के हुक में लटका हुआ था। मतका के भाई ने पुलिस में दी रिपोर्ट में कहा कि सचिन निशा का ससुर व सास उसको पिछले काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। जिसके चलते निशा पिछले काफी दिनों से परेशान थी। इन तीनों ने मिलकर निशा को मार डाला।

# नपा चेयरपर्सन समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिलीं



इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

**नारनौल।** स्थानीय नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी की अध्यक्षता में नूनी शेखपुरा रोड़ नई कचहरी के पीछे वाले रास्ते की जल भराव की समस्या को उजागर करने के लिए उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सीटीएम को दिया गया। इस मौके पर अनेक वार्ड पार्षद भी मौजूद थे। शहर की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आज नगर परिषद की चेयरपर्सन को ही आगे आना पड़ा। नगर परिषद की चेयरपर्सन आज शहर की नई कोर्ट के पीछे की समस्याओं को लेकर डीसी से मिलने गई, लेकिन डीसी के नहीं मिलने पर उन्होंने समस्याओं से संबंधी ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। नगर परिषद की चेयरपर्सन के साथ-साथ कई वार्ड पार्षद भी मौजूद रहे। इसी मौके पर वार्ड पार्षद मोहन लाल, सुलतान सिंह, मनोज सैनी, कपिल यादव, गौरव यादव एडवोकेट (तनु) के अलावा गो रक्षक राहुल वर्मा, महेंद्र कुमार, कमल कुमार, अरविंद कुमार, स्थानीय लोग आदि गणमान्य उपस्थित रहे। सीटीएम ने समस्या की गहनता को देखते हुए जल्द से जलद फील्ड विजिट और फिजिबिलिटी रिर्पोट के दिशा निर्देश दिए तथा जल्द से जल्द समस्या के निदान का अश्वासन दिया। इसके साथ में ही सभी पार्षद व सभी मोहल्ला वासियों ने 10 दिन के अंदर समस्या का निजात ना होने के बाद में कोर्ट के रास्ते को जाम करने के बारे में कहा। नपा चेयरपर्सन ने बताया कि नारनौल की कोर्ट रोड के पीछे से गांव नूनी शेखपुरा की ओर जाने वाले रास्ते का हाल बेहाल है। यहां पर गंदा पानी खड़ा रहता है। यही नहीं शहर की सीवरेज का गंदा पानी भी इस रास्ते पर भरने लग गया है। रास्ते के साथ-साथ पास के खेतों में भी पानी जमा होने लग गया है।

# शहीदे-ए-आजम भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

### शहीद भगतसिंह के बलिदान ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी: कामरेड ओमप्रकाश

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र




नारनौल। शहीद-ए- आजम भगतसिंह की 116वीं जयंती पर आज स्थानीय नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पार्क में नौजवानों का संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन, एआईकेकेएमएस, एआईयूटीयूसी के तत्वाधान में पुष्पांजली सभा का आयोजन डा. व्रतपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। उपस्थित गणमान्य लोगों ने शहीद-ए-आजम भगतसिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभा के मुख्य वक्ता एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि शहीद भगत सिंह स्वतंत्रता आन्दोलन की समझौता विहिन धारा के नायक थे। शहीद भगतसिंह के बलिदान ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। भगतसिंह इस देश के एक कोने से दूसरे कोने तक जागृत हुई क्रांतिकारी चेतना के जीवंत प्रतीक थे। इस चेतना से जली लौ कभी नहीं बुझेगी। ओमप्रकाश ने कहा कि उन्होंने अपने खून का एक -एक कतरा, अपना बलिदान इसलिए न्यौछावर किया था ताकि इस मुल्क में एक ऐसा समाज कायम हो जहां शोषण और उत्पीडऩ न हो उनका सपना एक शोषणविहीन समतामूलक समाज की स्थापना हो, जहां एक इन्सान दूसरे इन्सान का पूंजी के बल पर शोषण ना कर सके। मात्र 23 वर्ष की उम्र में हंसते हुए फांसी पर चढऩे वाले भगतसिंह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि आज हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी व आर्थिक तंगी गरीबी से जूझ रहे हैं। आज नौजवान बेरोजगारी व आर्थिक तंगी से अपना अनमोल जीवन गंवा रहे हैं। यह व्यवस्था युवाओं व छात्रों को अश्लील विज्ञापन, और फिल्मों के जरिए उनका नैतिक बल तोडऩे का काम कर रही है उन्हें नशे की लत लगाकर पथभ्रष्ट, दिशाहीन व भटकाव का शिकार बनाया जा रहा है। आज आनलाइन गेमिंग के द्वारा युवाओं, नौजवानों को जुआ की लत लगाकार सामाजिक सरोकार से दूर किया जा रहा है। युवाओं को सामाजिक सरोकार से दूर कर आत्मकेंद्रित बनाया जा रहा है। जो समाज हित में नहीं है। ओमप्रकाश ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संगठित होकर मानव द्वारा मानव के शोषण का खात्मा हो, शोषण से मुक्ति हो. इतिहास इस बात का गवाह है कि नौजवानों ने हर सामाजिक परिवर्तन में हमेशा एक अगवा व निर्णायक भूमिका अदा की है आज जरूरत इस बात की है कि नौजवानों को हर तरह की निराशा-हताशा व सामाजिक उदासीनता से बाहर लाने के लिए उनके सामने एक सही आदर्श व दिशा प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि आज समाज में जाति व धर्म के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है। सामाजिक ताना बाना को ध्वस्त कर सामाजिक सौहार्द को खत्म किया जा रहा है। नौजवानों का संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सबको शिक्षा सबको रोजगार की आवाज को बुलंद किया जाए। शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार, पानी- बिजली आदि बुनियादी सुविधाएं सबको मिले। इसके लिए संगठित हों शहीदों के समानता, व न्याय आधारित समाज के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लें, यही शहीदेआजम भगतसिंह जैसे शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज की पुष्पांजली सभा को एआईडीवाईओ के जिला सचिव सतीश कुमार, धर्मपाल शर्मा, डा राजेन्द्र प्रसाद खरब, मुकेश कुमार, सुरेश चन्द नंगली ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत ने किया। इस अवसर पर अभय सिंह, यादराम कोरियावास, डा चत्तर सिंह, महीपाल खरब, महावीर यादव चन्दपुरा, राजेन्द्र सिंह चन्दपुरा, राजेश चांवरिया, रामोतार यादव, अभिमन्यु, भीमसेन, सत्यपाल, महेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिजली निगम के डिप्टी सुपरीटेंडेंट के घर चोरी

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

**नारनौल।** बिजली निगम में लगे डिप्टी सुपरीटेंडेंट के सेक्टर एक स्थित बंद मकान से दिनदहाड़े चोरी हो गई। वारदात के समय डेप्युटी सुपरीटेंडेंट मकान को बंद करके अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। उस समय घर में अन्य कोई व्यक्ति भी नहीं था। चोरी की सूचना पीड़ित ने पुलिस में दी है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में लगे डिप्टी सुप्रीटेंडेंट सतवीर सिंह ने सेक्टर 1 फेस 1 में अपना मकान बनाया हुआ है। वह रोजाना की भांति गत दिवस सुबह 9 बजे मकान बंद करके अपनी ड्यूटी पर चले गए। उस समय उनके मकान में कोई नहीं था। इसलिए उन्होंने गेट का ताला लगा दिया था। वहीं अंदर से भी मकान को लॉक किया था। दोपहर 2 बजे जब वे लंच करने के लिए आए तो उन्होंने देखा कि मैन गेट का ताला लगा हुआ था, जबकि अंदर से दरवाजा के लॉक टूटे हुए थे। घर में बनी दोनों अलमारी खुली हुई थी तथा घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। ऐसा लग रहा था कि चोरों ने पूरी तसल्ली से छानबीन कर चोरी की वारदात की है। इस बारे में पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की है। जिसमें उसने लिखा है कि चोरों ने उसके मकान से करीब 30 हजार रुपए नगद के अलावा चार जोड़ी पाजेब तथा चार चांदी के सिक्के वह अन्य सामान चुरा लिया।

# उड़ान जन सेवा ट्रस्ट ने लगाया रक्तदान शिविर



नारनौल। शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट, ढाणी बाठोठा द्वारा स्थानीय यादव धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें बिजली निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और अध्यक्षता माजरी धाम के सुमित गुरूजी ने की। शिविर में कुल 62 युवाओं ने रक्तदान किया, जबकि इससे तीन 150 से अधिक रक्तदाता उपस्थित हुए थे। शिविर का शुभारम्भ राव सुखबिन्द्र सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद भगतसिंह को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि शहीदे आजम के जन्मदिन पर रक्तदान उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली और बहुत ही पुण्य का कार्य है। रक्त ऐसी चीज है जिसे बनाया नहीं जा सकता है, केवल इन्सान ही दूसरे इन्सान को दे सकता है। जब भी हम रक्तदान करते हैं, किसी न किसी जरूरतमंद का जीवन सुरक्षित करते हैं, इसीलिए रक्तदान को जीवन दान कहा जाता है। आप द्वारा दिया गया रक्त जिसे भी चढ़ाया जाएगा वह और उसका परिवार आपको दुआएं देगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती और कुछ दिन में अपने आप रक्त पूरा हो जाता है। इतना ही नहीं रक्तदान करने से व्यक्ति कई रोगों से बचा रहता है। इसलिए हर स्वस्थ आदमी को समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने आयोजक संस्था की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन करके टिंकू प्रधान और उनके साथियों ने मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग रक्तदान कर रहे हैं वे सब बधाई के पात्र हैं। मैं सभी रक्तदाताओं और संस्था के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि आगे भी संस्था इसी प्रकार जनहित के कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार, समाजसेवी राजकुमार एडवोकेट, विनोद सैनी, विपिन शर्मा, महंत प्रेमदास, मनोज सेकवाल, कैप्टन अभिजीत यादव आदि ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में आयोजक संस्था के पदाधिकारी और काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

रिकार्ड कायम

परीक्षा में सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन

# एनडीए परीक्षा में नारनौल के 20 विद्यार्थी चयनित

### यदुवंशी नारनौल का एनडीए लिखित परीक्षा में अब तक का सबसे बेहतरीन परिणाम

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा परिणाम में यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आज विद्यार्थियों को फूलमाला, स्मृति चिह्न, नगद राशि और उनके अभिभावकों को शाल व लोई देकर सम्मानित किया गया। यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल के 20 व यदुवंशी ग्रुप के 72 बच्चों ने सफलता हासिल कर क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचा। सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों में सप्रिया, अंशिका, प्रियांशी यादव, सौरव, सिद्धार्थ सुधांशु, पायल, अंशु, कवीन्द्र कुमार, छवि, गगनदीप, शुभम, जगजोत सिहं, अर्पित, अरविन्द यादव, कुलदीप, शिखर यादव, पूर्णपाल सिहं व जतिन ने परीक्षा पास कर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य रवीन्द्र सिंह ने बताया कि एनडीए की लिखित परीक्षा वर्ष में दो बार अप्रैल और सितम्बर माह में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित करवाई जाती है। लिखित परीक्षा में देशभर से लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठते हैं। हमारे विद्यालय के परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ सभी प्रतियोगिता परीक्षा में अपार सफलता प्राप्त करते हैं। इस अपार सफलता को दोहराते हुए इस बार एनडीए की लिखित परीक्षा में 20 छात्रों का चयन हुआ और ये छात्र नियमित क्लास रुम के छात्र हैं तथा इन्होंने पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है। इस अपार सफलता पर प्राचार्य ने पूरे स्टॉफ को बधाई दी तथा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन व अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रयासरत तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन ही इसकी सफलता का परिणाम है। सम्मान समारोह के मुख्यातिथि यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों का संयुक्त प्रयास है। उन्होंने इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम आगे भी इसी प्रकार निरन्तर प्रयासरत करते रहेंगे और क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 20 बच्चों का चयन महेन्द्रगढ़ जिला व क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव ने कहा कि सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारे विद्यालय की प्रथम प्राथमिकता है। विद्यालय की डीन मोनिका दीवान ने चयनित बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के उपप्राचार्य श्री नरेश यादव ने बताया कि एनडीए की लिखित परीक्षा की तैयारी करवाने के साथ-साथ विद्यालय में एसएसबी की तैयारी करवाई जाती है। इसके लिए समय-समय पर विशेष कोचिंग के लिए आर्मी अधिकारियों को बुलाया जाता है ताकि हमारा विद्यालय तथा क्षेत्र देश को और अधिक सेना अधिकारी उपलब्ध करवा सके।

# हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत स्लम एरिया में टीबी जागरूकता कैम्प आयोजित



### कैम्प में 134 लोगों की टीबी की जांच

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में आज हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत महेंद्रगढ़ रोड स्थित स्लम एरिया में टीबी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि इस कैम्प में 134 लोगों की टीबी की जांच की गई इनमें से 9 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए जिन्हें चिकित्सकों द्वारा निशुल्क ईलाज के लिए पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि रेडक्रास की ओर से स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समय-समय पर इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता रहता है। इस मौके पर रेडक्रास से डा. एसपी सिंह, स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग से डा. मनीषा, डा. आजाद व डा. सतीश ने टीबी के दुष्प्रभावों, इससे बचाव एवं इसके ईलाज के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर टीबी अस्पताल से टीबीएचवी दीपक प्रकाश, टीबी काउंसलर सरिता व सुनिता, रेडक्रॉस से राजीव व शोभा रानी मौजूद थी।

## खबर फटाफट

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्मोत्सव मनाया



**फरीदाबाद ।** गौ सेवा कार्य करने वाली संस्था लिव-फॉर-नेशन ने आज शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर लिव-फॉर नेशन संस्था के संयोजक अनिल कौशिक के नेतृत्व में पर्वतीय कालोनी से एक शोभा यात्रा एन.एच.पांच भगत सिंह चौक तक निकाली जानी थी, जोकि पुलिस परमिशन न होने की वजह से रद्द कर दी गई। जिसके बाद सभी युवा साथी शांतिपूर्वक तरीके से एन.एच.पांच भगत सिंह चौक पर पहुंचे और उनकी प्रतिमा की सफाई की गई। तत्पश्चात शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की प्रतिमाओं पर लिव-फॉर नेशन के संयोजक अनिल कौशिक, सचिन, समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी, हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, जगप्रवेश, आम आदमी पार्टी के नेतृत्व धर्मवीर भड़ाना, आप प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, आप नेता हरजिन्दर सिंह मेंहदीरत्ता, एडवोकेट मनमीत कौर, चौ. रतनलाल, अवधेश ओझा सहित अन्य युवाओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए अनिल कौशिक, अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि भारत भूमि वीरों की भूमि है। भारत माता की आजादी के लिए हमारे अनेक शहीदों ने अपनी कुर्बानी दी है। शहीद भगत सिंह भी उन वीर शहीदों में शामिल है, जिन्होंने हंसते-हंसते अपनी जीवन की कुर्बानी देश की आजादी के लिए दे दी थी। हमें इनके चरणों में वंदन करना चाहिए और बार-बार नमन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों से प्रेरणा लेकर युवाओं को अपने जीवन में आगे बढना चाहिए। शहीद हमारी अनमोल धरोहर है और हमें इनको संजोकर रखना चाहिए। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पदचिन्हों पर चलाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर खेमचंद गोयल, सुन्दर, वरूण, अक्शु, सुधीर, बब्लू कश्यप, कर्मवीर भड़ाना, सोनीपत टीम अनिल, सुनील, रोहित, आशु, विशेष, दिनेश सैनी, बिजेंद्र सैनी, भारत, सोरभ शर्मा, विक्की शर्मा, आदेश गुर्जर सहित अन्य गौ भक्त मौजूद रहे।

### 8 अक्टूबर को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन करेगी ललकार रैली

**फरीदाबाद।** अपनी मांगों व अधिकारों की रक्षा और न्यूनतम वेतन 26हजार रूपए संशोधित करने, नियमित रोजगार, एवं मनरेगा में 200 दिन का काम व 600रूपये की दिहाड़ी, कल्याण बोर्ड में पंजीकरण एवं अन्य सुविधाओं के लिए, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाने शिक्षा, स्वास्थ्य व सरकारी क्षेत्र का निजीकरण बंद करने के साथ-साथ चारों लेबर कोड्स को रद्द करने की मांग को लेकर आगामी 8 अक्टूबर को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के आवाहन पर करनाल में होने वाली ललकार रैली में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सैकड़ो सदस्य भाग लेंगे। यूनियन ने इस रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। यूनियन के पदाधिकारी प्रत्येक गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान में लगे हुए हैं। आम लोगों में यूनियन का पर्चा वितरित किया जा रहा है। यह जानकारी यूनियन के राज्य प्रधान देवी राम ने रैली की तैयारी के सिलसिले में स्थानीय नाहर सिंह पार्क में संपन्न हुई जिला कमेटी की बैठक में दी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह माडोतिया ने की। जबकि संचालन जिला सचिव दिनेश पाली ने किया। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश प्रदेश की मेहनतकश आबादी भारी संकट में है। देश की आबादी का 54 करोड़ हिस्सा मजदूर है। हरियाणा प्रदेश में भी लाखों की तादाद में मजदूर काम करते हैं। देश को बनाने संवारने चलाने में मजदूरों की बड़ी भूमिका है। मजदूर चाहे कारखाने में काम करता हो खेत में काम करता हो निर्माण के काम में लगा हो मनरेगा में हो, भट्टे पर काम कर रहा हो, घरों में काम करने वाली महिलाएं या फिर रिक्शा ऑटो रिक्शा रेहडी चला रहे मजदूर या ढुलाई के काम में लगे वाहन चालक हो आज सबके परिवारों में भारी संकट है। लाखों की संख्या में प्रवासी मजदूर हैं। जो निर्माण सहित, उद्योगों, खेती के काम मे संगठित असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उनका जीवन नारकीय बनते जा रहा है। निर्माण श्रमिकों के लिए बने कल्याण बोर्ड तक को पंगु बनाकर मजदूरों को पैसा हड़पा जा रहा है। गांव के सफाई कर्मचारी हों चौकीदार हों वन मजदूरों हों परियोजनाओं में काम करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर हों, हेल्पर हों आशा वर्कर्स हो मिड डे मील वर्कर, या क्रेच वर्कर, स्वास्थ्य विभाग के ठेका कर्मचारी से लेकर आरोही स्कूल के कर्मी हों सरकार किसी की भी सुनवाई नहीं कर रही है।एक तरफ काम नहीं मिलने, मजदूरी काम मिलने मामूली से वेतन व मंडे के चलते जिन दुबर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई शिक्षा और महंगे होते इलाज ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। प्रदेश की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार राहत पहुंचाने की बजाय पीड़ित जनता पर ही हमलावर है। आशा वर्करों की हड़ताल को आज 52 दिन हो गए हैं। लेकिन सरकार बातचीत नहीं कर रही है। इसी तरह आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्परों के आंदोलन के दौरान भी सरकार ने रवैया अपनाया था। सीटू राज्य कमेटी ने रैली में सभी यूनियनों को बड़ी तादाद में भाग लेने का आह्वान किया है। आज की सभा को मनोज हंस, सुनील परछा, राजू नरावली,नरेश पावटा, राजु तिगांव, मनोज घरोड़ा, धर्मेंद्र, ओम प्रकाश, मनोज चंडालिया आदि ने भी संबोधित किया।

### घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सोहना।** सीआईए पुलिस ने बृहस्पतिवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक घर के भीतर घुसकर चोरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाश मूल निवासी गांव शिओतर, जिला गया बिहार के रूप में हुई है। जिस पर घर के भीतर से मोबाइल चोरी का आरोप है। पुलिस ने आरोपी से तलाशी में चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद करने में कामयाबी पाई है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बोले

# चाय बेचने वाले ने बढ़ाया देश का गौरव

### 63 लाख रुपये से बनने वाली फिरनी और गलियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बसंतपुर की सभी कालोनियों में लोगों को अमृत-2 योजना के तहत बिजली, सीवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिंग टाइल्स से बनाई गई पक्की गलियों तथा एलईडी दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने की गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय योजना के तहत समाज के अन्तिम छोर के व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर गत देर सायं बसंतपुर की समस्त जनता और सभी कालोनियों की आरडब्लूए द्वारा आयोजित अभिनन्दन सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले बसंतपुर में कितना विकास हुआ था और 2014 के बाद कितना विकास हुआ ये किसी से छुपाया नहीं जा सकता। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 63 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाली बसंतपुर की फिरनी और गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद से जयपुर से सिर्फ 2 घंटे में पहुंचा जा सकता है। रणथंभौर का सफर साथ तीन घंटे में पूरा किया जा सकता है। अगले महीने में एक नया हाईवे रोड शुरू हो जाएगा जिससे मेरठ एक घंटा और गाजियाबाद 40 मिनट में फरीदाबाद से पहुंचा जा सकेगा और यह आने वाले समय में देहरादून से जोड़ी जाएगा ताकि फरीदाबाद से देहरादून का सफर मात्र तीन घंटे में पूरा किया जा सके। इस तरह दिल्ली वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे से जेवर एयरपोर्ट के लिए नए रोड का कार्य शुरू हो चूका है। जिससे आप मात्र आधे घंटे में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सके। वहीं बडखल चौक से जो सडक़ अम्मा हॉस्पिटल जा रही है वही सडक़ आगे नोएडा और गाजियाबाद तक जोड़ी जाएगी ताकि नेट और गाजियाबाद 20 मिनट में पहुंचा जा सके। इसकी डीपीआर तैयार हो गई है।केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज इन 9 सालों में एक चाय बेचने वाले गरीब ने वो काम कर दिखाया है जो काम चांदी की थाली में, कटोरी में खाने वाला नहीं कर सका। जरूरी नहीं प्रधानमंत्री कोई खानदानी नेता हो या बड़े घर में से बनने वाला ही देश की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं। एक चाय बेचने वाला भी पूरी दुनिया में भारत के गौरव को बढ़ा सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया है जिसे यह सारा देश और दुनिया देख रही है। जब अमेरिका का राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी जी से उनके ऑटोग्राफ माँगा है। ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रपति कहता है मोदी बॉस और दुनिया के इतिहास में हमने यह पल आज तक नहीं देखा कि किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री के पैरों को हाथ लगाया हो। इटली की प्रधानमंत्री कहती है मोदी से ज्यादा लोकप्रिय नेता कोई नहीं तो यह सब सुनकर हम देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में प्रदेश में साईकिल पर यात्राएं करके कपड़े बचने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार गरीब परिवारों के हितों की रक्षा करते हुए अनेक जनहितैषी फैसले लेकर गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करने का काम कर रही है। गरीब परिवारों की सालाना आय 120000 से बढ़ाकर 180000 रुपये की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये है उन्हें फ्री में राशन, पीला राशन कार्ड और उनके परिजनों का पांच लाख रुपये की धनराशि का सालाना मुफ्त में इलाज करवा जा रहा है। अभिनन्दन समारोह को विनोद अवाना, ओपी रैक्सवाल, रवि भड़ाना ने भी संबोधित किया। अभिनन्दन समारोह के स्वागत कर्ताओं में चौ. सुनील भड़ाना,चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. सुरजीत रावत, चौ. जितेन्द्र भाटी, चौ. वीरेंद्र पायला, चौ. रमेश पायला, चौ. लोकेन्द्र भड़ाना, डॉ. हरी चंद अवाना, चौ.दीपक नागर, चौ. नरेन्द्र भड़ाना, चौ. प्रवीण नागर, चौ. भगवत भड़ाना, चौ. सुभाष भाटी, सुनील बैसला,मनोज दुबे, लक्खी चंद गुप्तन, आशुतोष गुप्ता, धनन्जय झा, मरियम सरन मेडम, राकेश मिश्रा, अशोक गहलोत, महेश, प्रभात सिंह, अभिजीत राय, जय किशोर झा, अमित गिरी, शिव मंगल, मनीष, राजेश शर्मा, डॉ. प्रिंस,रमेश, सुरेश, हरीश रावत, राजेश शर्मा, रत्नेश यादव, विकास शर्मा, अभिजीत आनंद, संजय चौधरी,मौ. निज़ाम, मौ. चाँद, गुड्डी राय,जागीर, चौ. विजय मैनेजर, चौ. सुखराज प्रधान, चौ. देवेन्द्र भड़ाना, चौ. किशन नम्बरदार, चौ. रामवीर नम्बरदार, चौ. धर्मपाल अवाना, चौ.महिपाल नम्बरदार, चौ. जय प्रकाश भड़ाना, चौ. सुनील भड़ाना,चौ. दयाचंद बैसला, चौ. जगत भड़ाना, चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. जगत राम अवाना,चौ.मंगत राम अवाना (मुखिया), चौ. रवि अवाना, चौ. कंवरपाल भड़ाना, चौ. पवन नागर, चौ. संजीव बैसला, चौ.पंकज रेक्सवाल, चौ.वीरेन्द्र पायला (प्रधान शिव एन्क्लेव), मनोज दुबे, शिव मंगल मुख्य रूप से मौजूद रहे।



#### ये रहे मुख्य रूप से मौजूद

अभिनन्दन समारोह में चौ. अन्तलाल पहलवान, चौ. बेदी भड़ाना, चौ. किरन पाल अवाना, चौ. राजे नेता, चौ. सतपाल नेता, चौ. सुखराज प्रधान, चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. विजय पाल अवाना, चौ. ओम प्रकाश रेक्सवाल निवर्तमान पार्षद, चौ. रवि भड़ाना, चौ. विनोद अवाना, चौ.मंगत राम अवाना, चौ. पप्पी चेयरमैन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## शिक्षा अधिकारी के खिलाफ उतरी इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा बिना किसी वजह प्राईवेट स्कूलों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि फरीदाबाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रदेश सरकार की छवि धूमिल कर रहा है व हरियाणा सरकार के शिक्षा निदेशक का आदेश बताकर निजी स्कूलों को प्रताड़ित करने का काम करता है। जब से नए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने कार्यभार संभाला है, तब ही से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से तानाशाह फरमान जारी हो रहे है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व महासचिव राजेश मदान ने एक निजी होटल में प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कभी तो जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से मान्यता प्राप्त स्कूलों को फर्जी बताकर लिस्ट जारी कर दी जाती है, तो कभी सरकारी स्कूल के अध्यापकों को निजी स्कूलों में भेज-भेजकर दस्तावेजों की मांग की जाती है तथा स्कूल संचालकों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों के कागजात कार्यालय में जमा होने के पश्चात ही उनकी मान्यता प्रदान की जाती है तो वह स्कूल फर्जी कैसे हुए साथ ही साथ सभी स्कूलों के दस्तावेज एमआईएस पोर्टल व यूडाईस पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के भिवानी कार्यालय में जमा है। इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिक्षा विभाग के निदेशक व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से शुक्रवार को मिलने का समय लिया है ताकि वह फरीदाबाद शिक्षा विभाग कार्यालय की तानाशाह पूर्ण कार्यवाही की जानकारी दें। यदि इसके बाद भी कोई कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी पर नहीं होती तो उनकी लीगल टीम पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में तानाशाह अधिकारी के खिलाफ याचिका दायर करेगी। इस मौके पर इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महासचिव राजेश मदान, उपाध्यक्ष राजीव बत्रा, शोभित आजाद, भूपेन्द्र श्योराण, मानव शर्मा, रामवीर भड़ाना, दीपांशी अरोड़ा, मनीषा सैनी, डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट, डा. मंशा पासवान एडवोकेट, नीतू जैन, रोज तनेजा के अलावा अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

### भाजपा राज में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे तिगांव क्षेत्र के लोग: नागर

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। नूंह जिले के प्रभारी एवं पूर्व विधायक ललित नागर द्वारा तिगांव विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को बारीकि जानने के लिए शुरू की गई पदयात्रा का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक ललित नागर ने पदयात्रा के दौरान पंचशील कालोनी, बसंतपुर, खुजरी मस्जिद, अवाना पानी प्लांट, शिव एंक्लेव, शिव एंक्लेव, अजय नगर, निखिल विहार, इस्माइल गुरूद्वारा आदि क्षेत्रों में दौरा करके यहां व्याप्त बिजली, पानी, टूटी सडक़ें, ओवरफ्लो सीवरेज आदि समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने उन्हें दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि पिछले नौ सालों में उनके यहां विकास के नाम पर केवल जुमले ही मिले है, न तो पार्षद, न विधायक और न ही अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को दूर करवाने का प्रयास नहीं किया। यही कारण है कि आज वह जनसमस्याओं से ग्रस्त होकर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि उनकी समस्याओं को लेकर वह जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर इनका निदान करवाने का प्रयास करेंगे। श्री नागर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीति और नियत दोनों खराब है, नौ सालों में हरियाणा पूरी तरह से विकास की धुरी से उतर चुका है, आज लोग मूलभूत सुविधाओं की मार झेल रहे है और रोजगार के अभाव में लोग परेशान है। उन्होंने भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधि सत्ता प्राप्ति के बाद लोगों की सुध तक नहीं ले रहे, जनसमस्याओं को लेकर लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है, लेकिन उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार से अब जनता का पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है और आने वाले चुनावों में जनता वोट की चोट से इस सरकार को सत्ताविहिन करेगी और फिर से देश व हरियाणा में कांग्रेस के रूप में अपनी सरकार चुनेगी। इस अवसर पर सुखराज अवाना, देवेंद्र अवाना, देवेंद्र भड़ाना, जय भड़ाना, सनी अवाना, विजय मैनेजर, कृपाल सरपंच सतपाल अवाना, तारीख प्रधान, नसीम खान, यूनुस प्रधान, सलमान प्रधान, राधे बाबा, वीरेंद्र प्याला, रोहित अबाना, रामकुमार अवाना, अशोक रावत, मुकेश, नौशाद प्रधान, सतीश गर्ग, केके चौधरी, रिजवान आजमी, बाबूलाल रवि, अखिलेश शर्मा, मुकुट पाल, संजय कौशिक, कमल चंदीला, गंगाराम जाट, अभिलाष नागर, सुन्दर नेताजी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



## 20 वर्षीय लापता युवती कर्नाटक से बरामद

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व पुलिस चौकी नवीन नगर प्रभारी की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए लापता लडकी को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है।20 वर्षीय लडकी अपने घर से बिना बताए 4 जुलाई को निकल गई थी। जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई लेकिन लडकी के नही मिलने पर परिजनों ने लडकी के गुम होने की सूचना पुलिस चौकी नवीन नगर में दी। सूचना पर थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाश की जा रही थी। मामले में क्राइम कैट की टीम का सहयोग लिया गया। दोनों पुलिस टीमों ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए लडकी का अपने गुप्त सूत्रों से चेन्नई तमिलनाडु का पता लगाया। जिसको वहां से बरामद करने के लिए लडकी के परिजनों के साथ पुलिस टीम चेन्नई तमिलनाडु गई। जहां से लडकी नही मिला, वहां से लडकी का बेंगलुरु कर्नाटक का पता लगाए



लडकी को पुलिस टीम ने बेंगलुरु कर्नाटक से बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। लडकी ने अपने ब्यान में बताया कि वह अपनी मर्जी से रहना चाहती है। वह अपने परिजनो के साथ नही जाना चाहती। लडकी के माननीय अदालत के सामने पेश कर 164 सीआरपीसी के ब्यान कराए गए।

**कड़ा रुख** — बातचीत सकारात्मक नहीं हुई तो हड़ताल जारी रहेगी

## सरकार व आशा वर्करों के बीच आज होगी बातचीत

### शहीद भगतसिंह को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**सात्विक देव,भरोसा मित्र**

फरीदाबाद । मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी की अध्यक्षता में आशा वर्कर यूनियन हरियाणा व सरकार के बीच आज चंडीगढ़ में बातचीत होगी। आशा वर्कर यूनियन की उपाध्यक्ष सुधा ने कहा है कि सम्मान जनक समझौता नहीं हुआ तो आशा वर्करों की हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने यह धोषणा बृहस्पतिवार को डीसी आफिस पर धरने पर बैठी आशा वर्करों को संबोधित करते हुए की। धरने की अध्यक्षता आशा वर्कर यूनियन की जिला उप प्रधान अनीता ने की और धरने को शाहीन प्रवीन व रेखा ने भी संबोधित किया। बृहस्पतिवार को हड़ताली आशा वर्करों के धरने पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रहे सुभाष लांबा, सीआईटीयू के राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सतबीर सिंह, जिला प्रधान निरंतर पाराशर, जनवादी महिला समिति हरियाणा की महासचिव सविता आदि भी पहुंचे। उन्होंने आशा वर्करों की हड़ताल व मांगों का समर्थन किया। धरने पर बृहस्पतिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 11वीं जयंती के अवसर पर भगतसिंह को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आशा वर्कर यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष सुधा ने कहा कि बीस हजार आशा वर्कर 8 अगस्त से आशा वर्कर को सरकारी कर्मचारी धोषित करने,तब तक 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन देने, इंसेंटिव में 50 प्रतिशत कटौती को बहाल करने, ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा देने, रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने और रिटायरमेंट पर सम्मानजनक पेंशन व ग्रेज्यूटी देने आदि मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताली आशा वर्करों ने 25 सितंबर को प्रदेशभर में डीसी आफिस पर जेल भरो आंदोलन किया और सामूहिक गिरफ्तारियां दी। सफल जेल भरो आंदोलन व हड़ताल से सरकार दबाव में आई और शुक्रवार को हड़ताली आशा वर्कर यूनियन के नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। कामरेड सतबीर सिंह ने मांगों का निपटान कर हड़ताल खत्म करवाने की सरकार से मांग की। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने शहीद-ए-आजम भगतसिंह की जयंती पर आशाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के 76 साल बीत जाने के बावजूद भगतसिंह के सपने अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि भगतसिंह का सपना शोषणविहीन एवं बराबरी के समाज की स्थापना करना चाहता था। जिसमें जाति, धर्म, नस्ल के आधार पर कोई भेदभाव न हो और उत्पादन के संसाधनों पर सभी का एक समान अधिकार हो। उन्होंने कहा कि आज हस्ते हस्ते फांसी के फंदे को चूमने वाले भगतसिंह को पाठ्यक्रम से निकल दिया और और अंग्रेजों के साथ सहयोग करने वालों में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमें भगतसिंह विचारों को जन जन तक पहुंचाने और भगतसिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए मजदूरों, किसानों, नौजवानों, छात्रों और शोषितों पीड़ितों की व्यापक एकता के साथ



## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में गोविंद और दिनेश का नाम शामिल है। आरोपी गोविंद फरीदाबाद के गांव भनकपुर का हाल में एसजीएम नगर के एरिया में तथा आरोपी दिनेश फरीदाबाद के गांव भाखरी का रहने वाला है। दोनों आरोपी एक दूसरे के दोस्त हैं। दोनों आरोपियों ने थाना एसजीएम नगर के एरिया से ऑटो चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से दोनों आरोपियों को सेक्टर-48 हुडा मार्केट के एरिया से ऑटो सहित काबू किया है। दोनों आरोपी ऑटो में बैठकर शराब पी रहे थे।

दोनों आरोपी नशे के आदि है नशे की पूर्ती व खर्चा चलाने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि



आरोपियों ने मिलकर 17 सितंबर की रात को 20 फुट रोड नियर नेहा पब्लिक स्कूल एसजीएम नगर फरीदाबाद से आटो चोरी किया था। आरोपी गोविंद ने पहले भी ट्रैक्टर चोरी की वारदात को राजस्थान में अंजाम दे रखा है। जिसमें आरोपी जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेशकर जेल भेजा गया।

Google Play dainikbharosa

## खबर फटाफट

### गोली मारकर युवक की हत्या, चाकू से भी गोदा डाला

**सोनीपत :** गांव मोहाना में गोली मारकर युवक की हत्या कर दी। युवक को चाकू से भी गोदा गया। यही नहीं, उसे बचाने आए तीन भी गोली चलाई गई। वो किसी तरह वहां से बच कर भागे। पुलिस ने इसे रंजिश का मामला बताया है। युवक के बड़े भाई की भी पहले हत्या हो चुकी है। शिकायत पर मोहाना थाना पुलिस ने सात युवकों को नामजद किया है। मोहाना के रहने वाले ब्लबीर ने पुलिस को बताया कि उनके पास तीन लड़के सबसे बड़ा सुनील, उससे छोटा आनंद और सबसे छोटा सोनू है, साल 2018 मे मेरे बड़े लड़के सुनील की हत्या कर दी थी। बताया गया कि बुधवार की रात वह साइकिल का खेल देखने गया था। रात 10 बजे रात गांव के युवक ने आकर बताया की आनंद को साइकिल का खेल देखते समय दीपक उर्फ मठोरी दीपक , सागर , लक्ष्य , अमन , संदीप ने गोली और चाकू मार कर हत्या कर दी।

### पंजाब में किसानों के रेल रोको आंदोलन से ट्रेनें प्रभावित

**अंबाला :** पंजाब में उत्तर भारत के 6 राज्यों के 19 किसान संगठन आज से 3 दिवसीय रेल रोको आंदोलन शुरू कर रहे हैं। ये संगठन अमृतसर, जालंधर कैंट और तरनतारन समेत 12 स्थानों पर ट्रेनों का चक्का जाम करेंगे। इससे रेल यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के बीच दौड़ने वाली ट्रेनें भी प्रभावित होंगी।,रेलवे ने पहले ही कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है, कई गाड़ियों के रूट शॉर्ट कर दिए गए हैं। रेलवे ने अमृतसर जंक्शन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल तक चलने वाली गाड़ी-11058 का रूट डायवर्ट किया गया है। अब ट्रेन लुधियाना, धुरी जंक्शन और अंबाला के बजाय लुधियाना से सरहिंद जंक्शन होते हुए अंबाला आएगी।

### हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन का निरीक्षण किया

**हांसी।** हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन निरीक्षण के लिए रेलवे सुरक्षा आयुक्त आरके शर्मा वीरवार को हांसी के गढ़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उनके आने से पहले ही रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को डेरा डाल लिया था। यह इस रेलवे लाइन का सीआरएस होगा। इसके बाद ही इस रेलवे लाइन पर ट्रेन चलने को हरी झंडी मिलेगी।

रेलवे सुरक्षा आयुक्त आरके शर्मा गढ़ी रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से हांसी तक रेलवे लाइन की जांच शुरू की। रेलवे लाइन का निरीक्षण करते हुए हांसी आएंगे। हांसी में लंच भी करेंगे। निरीक्षण के दौरान वह यहां पर रेलवे ट्रैक के साथ-साथ सिग्नल की जांच करेंगे। वह हर चीज की बारीकी से जांच करेंगे। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाले सुविधाओं को भी जाचेंगे। उनकी जांच के बाद इसकी रिपोर्ट रेलवे मंत्रालय को भेजी जाएगी। अगर सब ठीक रहा तो जल्दी ही रेलवे द्वारा यहां ट्रेन चलाई जा सकती है।

### बच्चे की मौत पर सात के खिलाफ कार्रवाई की गई

**करनाल:** कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में 24 सितंबर रविवार रात को हुई नवजात की मौत मामले में निदेशक ने जांच रिपोर्ट पढ़ने के बाद सात लोगों पर कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। इनमें दो डॉक्टरों सहित पांच नर्सिंग अधिकारी शामिल है। इन सात दोषियों में से एक को सस्पेंड व एक को जांच पूरी होने तक छुट्टी पर भेज दिया है और पांच को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि 24 सितंबर रविवार को मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल स्थित मेडिसन वार्ड में मानसिक रूप से परेशान एक अज्ञात महिला करीब एक माह से भर्ती थी। इसी दौरान रोजाना की तरह अपनी आशियाना नामक एक सामाजिक संस्था की टीम सेवा करने के लिए मेडिसन वार्ड में पहुंची। जहां पर दाखिल अज्ञात व बेसहारा मरीजों के डायपर बदलने व अन्य सहायता संस्था के सदस्य करते हैं।स्टाफ ने महिला मरीज की सहायता करने से मना कर दिया और संस्था के सदस्यों के साथ भी बदतमीजी की। संस्था सदस्यों ने घटना की जानकारी देर रात ही कॉलेज निदेशक और मेयर को दी थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए दोनों मौके पर पहुंचे और महिला को मेडिसिन वार्ड से गायनी वार्ड में भर्ती कराया था।

### बस का रूट बदलने पर यात्रियों ने किया हंगामा

**यमुनानगर:** साढौरा से सुबह 6.50 मिनट पर यमुनानगर जाने वाली बस का रूट बदल कर इसे पम्मूवाला भेजे जाने पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। नाराज लोगों ने यमुनानगर, नारायणगढ़, शाहबाद व अंबाला रूट पर जाने वाली बसों का परिचालन भी दो घंटे तक रोके रखा। रोडवेज अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर लोगों से बातचीत की। तब जाकर मामला शांत हुआ। बताया गया कि रोजाना की तरह 6.50 पर यमुनानगर जाने वाली बस में छात्रों सहित लगभग 60 यात्री सवार हो चुके थे। तभी चालक व परिचालक ने इस बस को पहले पम्मूवाला ले जाने की बात कह कर सभी को बस से नीचे उतार दिया। विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए 7.50 तक जगाधरी के स्कूलों में पहुंचना था। बस का रूट बदले जाने के कारण इन छात्रों के समय से स्कूल न पहुंच पाने से उन्होंने नाराज होकरव अभिभावकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इन लोगों ने बस अड्डे से नारायणगढ़, यमुनानगर, अंबाला व शाहबाद जाने वाली आठ बसों को भी रोक दिया। बसों का परिचालन रुकने से बस अड्डे पर सैकड़ों यात्री परेशान हो गए। कुछ यात्री निजी वाहनों से तो कुछ निजी बसों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, लेकिन छात्र परेशान रहे।

### पति को साले की पत्नी संग होटल में पकड़ा,पुलिस ने दर्ज किया मामला

**भिवानी:** साले की पत्नी संग होटल में गए एक व्यक्ति को उसकी पत्नी ने चरखीदादरी के एक होटल में रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी पति ने पत्नी की आईडी पर ही होटल का कमरा बुक किया था। इसकी भनक पत्नी को लग गई। वह बेटे को लेकर वहां पहुंच गई। जिससे वहां खूब हंगामा हुआ। होटल में तुरंत पुलिस बुलाई गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। भिवानी निवासी महिला ने बताया कि करीब 20 साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। जिनमें से दो बेटे उसके हैं, जबकि उसने भाई की लड़की को पंचायती तौर पर गोद लिया हुआ है। महिला ने बताया कि पिछले कई साल से उसके पति का चाल-चलन ठीक नहीं है। उसके भाई की पत्नी यानी सगी भाभी के साथ उसके संबंध थे। इन नाजायज संबंध को लेकर पंचायत भी हुई। जिसमें दोनों ने गलती मान ली। मगर बाज नहीं आए।

हाईकोर्ट ने हरियाणा और पंजाब से मांगा जवाब

# पुलिस बलों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए क्या किया

**दोनों राज्यों की सरकारों को 11 अक्टूबर तक पक्ष रखने का आदेश दिया**




**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोनों राज्यों की सरकार से पूछा है कि पुलिस बलों में अधिकारियों और कर्मियों के खाली पड़े पदों को भरने के लिए अब तक उन्होंने क्या कार्रवाई की है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि कि इस कमी से कानून व्यवस्था प्रभावित होने व इस पर हाई कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान पर सभी पक्षों को 11 अक्टूबर तक पक्ष रखें।

कोर्ट ने सभी पक्षों से पूछा है कि उनके यहां कितने पद खाली पड़े हैं और इन पदों को भरे जाने के लिए सरकार क्या कार्रवाई कर रही हैं। चीफ जस्टिस रवि शंकर पर आधारित खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लिए संज्ञान पर सुनवाई करते पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को नोटिस जारी कर यह जानकारी मांगी है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2019 में एक जनहित याचिका का निपटारा करते हुए देश के सभी हाई कोर्ट को इस मामले में संज्ञान लेकर संबंधित सरकारों से यह जानकारी मांगे जाने के आदेश दिए थे।

साथ ही,सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट से यह आग्रह किया था कि वह इस मामले में स्वयं संज्ञान लेते हुए इस विषय को जनहित याचिका के तौर पर सुनें और राज्य सरकारों से उनके राज्य की पुलिस में अधिकारियों और कर्मियों के खाली पड़े पदों के बारे में जानकारी मांगें। साथ ही उनसे पूछें कि इन खाली पड़े पदों पर भर्ती के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।

इन राज्यों में पुलिस बलों में कर्मियों के खाली पड़े पदों का प्रभाव सीधे तौर पर राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर पड़ता है। कर्मियों की कमी के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर वर्ष 2013 में यह याचिका दायर की गई थी।

इस याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2019 में निपटारा कर दिया था।

लेकिन देश के अन्य राज्यों की पुलिस के बारे में संबंधित हाई कोर्ट को संज्ञान लेकर जनहित याचिका के तौर पर सुने जाने के आदेश दिए थे।

# मान्यता मिली 91 को, पर चल रहे हैं 10 हजार से अधिक स्कूल

**हरियाणा सरकार ने नवंबर 2022 में गाइडलाइन जारी की थी। उस पर कितना अमल हो रहा है, यह देखने की फुर्सत किसी के पास नहीं**

**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** शिक्षा क्षेत्र में चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं। पाया गया है कि राज्य के 22 जिलों में से सिर्फ 8 जिलों के 91 निजी प्ले स्कूलों के पास ही मान्यता है। जबकि शेष जिलों में करीब 10 हजार से अधिक निजी प्ले स्कूल चल रहे हैं।

पता चला है कि बिना मान्यता के चल रहे निजी प्ले स्कूलों में बच्चों की जिंदगी से भी खिलवाड़ हो रहा है। ये निजी प्ले स्कूल न तो उनसे जुड़े विभागों के नियमों को पूरा कर रहे हैं, न ही इनके पास फायर सेफ्टी का अनापत्ति प्रमाणपत्र यानि एनओसी है।

इस बारे में बृजपाल सिंह परमार कहते हैं कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश की पालना के लिए हरियाणा सरकार ने नवंबर 2022 में गाइडलाइन जारी की थी। उस पर कितना अमल हो रहा है, यह देखने की फुर्सत किसी के पास नहीं है।

अब आपको बताते हैं कि जिन निजी प्ले स्कूलों को मान्यता मिली हुई है उनकी संख्या इस प्रकार है- पानीपत दो, चरखी दादरी छह,जींद 19, हिसार, 12,भिवानी 15, रेवाड़ी दो,यमुनानगर 10 और नारनौल 25। इससे स्पष्ट है कि राज्य के शेष जिलों में अवैध रूप से 10 हजार से भी अधिक स्कूल चलाए जा रहे हैं। यदि विभाग के पास इनकी सूचना है तो इन्हें अब तक बंद क्यों नहीं कराया गया।क्या स्थानीय प्रशासन को इन स्कूलों की जानकारी नहीं है।



### कैसे पता चला इसका

स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल सिंह परमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला मुख्यालय से आरटीआई के जवाब मिलने के बाद यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि गत 10 अगस्त को आरटीआई लगाकर कुछ सवालों का जवाब मांगा गया था। पूछा गया था कि प्रदेशभर में विभाग से जिलावार कितने निजी प्ले स्कूलों की मान्यता ली गई है। जिलावार विभाग ने जो सूचना मुहैया कराई उसके मुताबिक 8 जिलों में विभाग से सिर्फ 91 निजी प्ले स्कूल ही मान्यता मिली हुई। पाया गया है कि प्रत्येक जिले के गली मोहल्लों के अंदर रिहायशी मकानों में भी प्ले स्कूल धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। इनमें बच्चों की सुरक्षा के कोई भी मानक पूरे नहीं हैं।

# प्रसाद लेने गए दो युवकों को पीटा गया

**जाति सूचक गालियां दीं,पिटाई करके मंदिर से बाहर कर दिया,पुलिस ने दर्ज किया पुजारी के खिलाफ मामला**

**भरोसा, मित्र**

**हिसार।** हम स्वयं को कितना भी आधुनिक कह लें, लेकिन कुछ लोग पुरानी रुढ़िवादी विचारों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला यहां हनुमान मंदिर मे देखने को मिला। मंदिर में अनुसूचित जाति के दो युवकों द्वारा प्रसाद मांगने पर बवाल हो गया। पुजारी ने युवकों की पिटाई कर दी और उन्हें जाति सूचक गालियां देकर भगा दिया उन्हें मंदिर में प्रवेश कर अशुद्ध करने के अपशब्द कहे। पुजारी की इस हरकत पर अनुसूचित जाति के लोग वहां पहुंचे और विरोध किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुजारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कबीर चौक डोगरान मोहल्ले के अनुसूचित जाति के बलजीत के अनुसार उनके घर के पास में ही हनुमान मंदिर है। मंदिर में भंडारा चल रहा था। वह अपने दोस्त सुनील को साथ लेकर मंदिर में भंडारे का प्रसाद लेने चला गया। वहां पर मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश से प्रसाद मांगा तो उसने जाति सूचक गालियां दीं। मंदिर में प्रसाद देने से इनकार कर दिया। आपत्ति जताते हुए पुजारी ने कहा कि छोटी जाति के लोगों की हमारे मंदिर में प्रवेश करने की हिम्मत कैसे हुई। इसके बाद पुजारी की इस हरकत का विरोध किया। तो तीन युवकों के साथ मिलकर उनकी पिटाई कर डाली। उन दोनों को मंदिर से बाहर निकाल दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मंदिर के आस-पास रहने वाले अनुसूचित जाति के अन्य लोग वहां पहुंच गए। पुजारी की इस हरकत का विरोध किया। करीब दो घंटे तक बवाल चलता रहा।

घटना का पता चलते ही एसपी गंगाराम पूनिया ने पुलिस टीम को वहां भेजा। पुलिस के सामने भी काफी विवाद हुआ। पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को मिल गेट पुलिस चौकी ले आई। पुलिस ने बलजीत की शिकायत पर मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश के खिलाफ एससी,एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया

# केंद्र ने संघीय ढांचे को कमजोर किया : गहलोत

**मोदी सरकार पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

**इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र**

**मंडी अटेली/चंदपुरा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को मंडी अटेली से सटे हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिले के काठूवास गांव में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के पैतृक गांव में उनके माता-पिता की प्रतिमा का अनावरण व जनसभा का संबोधित किया।

काठूवास गांव तीन ओर हरियाणा से घिरा होने के का कारण प्रदेश के अनेक मंत्री व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में विशाल समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर पूर्व सरपंच लेखराम ठेकेदार के द्वारा सामाजिक कार्यो को याद किया।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान अपने कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण जीडीपी में उत्तर भारत में नंबर 1 तथा देश में नम्बर 2 राज्य बन गया है। आईटी, दुग्ध उत्पादन और दलहन उत्पादन में भी राजस्थान देश का अव्वल राज्य है। प्रदेश में पिछले 5 सालों में 90 से अधिक विश्वविद्यालय और 310 महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। वृहद स्तर पर उप तहसील, तहसील, सीएचसी, पीएचसी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलकर प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया गया है। राज्य की योजनाओं का अन्य प्रदेश भी कर रहे अनुसरण कर रहे है। प्रमुख योजनाओं में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना, आरजीएचएस जैसी योजनाएं देश में मिसाल बनी हैं। अन्य राज्य भी राजस्थान की योजनाओं और फैसलों का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार से अपील की है कि वे भी राज्य सरकार की योजनाओं का अध्ययन कराकर देशभर में ऐसी योजनाएं लागू करें। सीएम गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी स्वायत एजेंसियों का दुरुपयोग कर देश के संघीय ढांचे प्रजातांत्रिक को कमजोर कर रही है।

**रुके हुए कार्यों को प्रतिबद्धता से बढ़ाया आगे**

उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनने के साथ ही पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद करने के बजाय सुदृढ़ कर आगे बढ़ाया। पूर्व में रुके जयपुर मेट्रो, बाड़मेर रिफाइनरी के विकास कार्यों को फिर से शुरू किया। केदारनाथ त्रासदी पीड़ितों को सरकारी सेवा में नियुक्ति देने के संवेदनशील निर्णय को फिर लागू किया गया। साथ ही, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के लिए 14 हजार करोड़ रुपए स्वीकृत कर इसका कार्य शुरू करवाया जा रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की। राज्य सरकार लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1 हजार रुपए मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही है, जिसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत स्वतःवृद्धि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से लागू की गई।



गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने महंगाई राहत कैंप के माध्यम से प्रदेशवासियों को 10 विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर महंगाई से राहत प्रदान की। बेरोजगारी दूर करने के लिए लगभग 3 लाख नियुक्तियां दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में 100 मेगा जॉब फेयर आयोजित किए जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना में ग्रामीणों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन का रोजगार दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र को जिला बनाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। अब स्थानीय लोगों को अपने विभिन्न कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और क्षेत्र का विकास त्वरित गति से होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। सरकार के नीतिगत फैसलों और जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हुआ है।

**प्रतिमा का अनावरण किया**

सीएम गहलोत को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के काठूवास गांव में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के दिवंगत माता-पिता बिमला देवी एवं पूर्व सरपंच लेखराम ठेकेदार के प्रतिमा अनावरण करने के लिए आये। उन्होंने कहा कि स्व. बिमला देवी एवं स्व. लेखरामजी ने अपने परमार्थ कार्यों और समाज सेवा से जनमानस में लोकप्रिय थे। उनकी प्रतिमाएं युवा पीढ़ी को हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की।

**इस अवसर पर मौजूद रहे**

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व सीपीएस व विधायक राव दान सिंह, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, सुरेंद्र पटवा, विधायक प्रशांत बैरवा, दीपचंद खेरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## विधवा महिला से किया 65 लाख रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड

**भरोसा मित्र**

**सिरसा।** पति की मौत के बाद बीमा पॉलिसी का बकाया होने का हवाला देकर महिला से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई है। पीड़िता ने सिरसा के एसपी विक्रांत भूषण को पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला की कार्रवाई की मांग करने के बाद पुलिस ने साइबर थाने में मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।एसपी सिरसा को दिए पत्र में बांसल कॉलोनी निवासी सीमा रानी ने बताया कि उसके पति की काफी समय पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। पीड़िता ने बताया कि गत वर्ष चार फरवरी को उसके मोबाइल पर सुभाष नाम के व्यक्ति का फोन आया। जिसने पीड़िता को उसके पति की बीमा पालिसी के 40 हजार रुपये बकाया होने की बात कहीं। इसे लेने के लिए आरोपित ने उनके खाते में पांच हजार रुपये डलवाने को कहे।पीड़िता ने आरोपित के बताये खाते में राशि डलवा दी, जिसके कुछ दिन बाद आरोपितों ने दुबारा फोन पेन कार्ड, आधार कार्ड व बैंक खाता की कॉपी मांगी। पीड़िता का आरोप है कि उसके लाखों रुपए ले लिए गए, लेकिन मिला एक रुपया भी नहीं।

## उद्यमी से सात करोड़ की धोखाधड़ी की गई

**भरोसा मित्र**

**पानीपत।** एक बड़ी उद्यमी से एक लोन चुकाने वाली कंपनी ने इकरानामा होने के बाद कागजातों का गलत तरीके से (कूटरचित दस्तावेजों) प्रयोग कर 7 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर ली है। दिल्ली की एक कंपनी ने उद्यमी की फर्म के साथ उसकी रिहायशी प्रॉपर्टी को भी कब्जा लिया है।कोर्ट के आदेश के बावजूद कंपनी के फ्रॉड कर्मचारियों ने सब कुछ कब्जा लिया।

इसकी शिकायत पीड़ित ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में की। बैठक में निर्देशों पर पानीपत की चांदनीबाग थाना पुलिस ने 2 महिलाओं समेत 9 के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उद्यमी रामप्रकाश चुघ ने बताया कि उसने और सिटी बैंक से सेटलमेंट किया था। उस सेटलमेंट का आधा यानी 7 करोड़ फर्म ने दिया था।

**राहत** एकाकी व्यक्ति व लावारिस बच्चों के भी बनेंगे परिवार पहचान पत्र

# हरियाणा पहचान पत्र के पोर्टल पर सरकार ने दिए विकल्प

**भिवानी के बाल सेवा आश्रम और अपना घर में होगी यह सुविधा**

**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** सरकार कीनई व्यवस्था के अनुसार वे लोग जिनका परिवार नहीं है, अब उन्हें भी परिवार पहचान पत्र की पहचान मिलेगी। एकाकी व्यक्ति और बाल सेवा आश्रम में रह रहे लावारिस बच्चों के भी परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसके लिए मानव संसाधन सूचना विभाग ने हरियाणा परिवार पहचान पत्र के पोर्टल पर ऑप्शन दिया है। इसमें लावारिस बच्चे का नाम और आधार कार्ड के अलावा एक फोन नंबर दर्ज किए जाने के बाद उसकी फैमिली आईडी बन जाएगी। एकाकी व्यक्ति के लिए अलग से बिजली मीटर और मकान होना जरूरी होगा। इसकी फैमिली आईडी बनाने से पहले उसकी फिजिकल वेरिफिकेशन भी होगी।

**भिवानी का बाल सेवा आश्रम**

यदि भिवानी के तोशाम रोड स्थित बाल सेवा आश्रम की बात करें तो इस समय इस आश्रम में सात लड़के और 15 लड़कियां रह रही हैं। इस आश्रम में 18 साल से कम उम्र के लावारिस बच्चों को यहां रखा जाता है। सीडब्ल्यूसी के माध्यम से स्टेट क्राइम ब्रांच की ओर से रेस्क्यू किए बच्चों व किसी अपराध से पीड़ित बच्चा भी लाया जाता है।

**अपना घर में किस व्यक्ति को लाया जाता है**

बता दें भिवानी में अपना घर भी हैं। यहां लावारिस पुरुष और महिलाओं को रखा जाता है। ज्यादातर लावारिस मंदबुद्धि या फिर किसी बुरी परिस्थिति के शिकार होने से पीड़ित होते हैं। इस अपनाघर में वर्तमान में110 पुरुष और 52 महिलाएं रहती हैं। पहने परिवार नहीं होने की वजह से इनका परिवार पहचान पत्र भी नहीं बन पाया था। अब यह सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।

सरकार की व्यवस्था के अनुसार ऐसे बच्चों और एकाकी लोगों के लिए मानव सूचना संसाधन विभाग ने परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर नए ऑप्शन दिए हैं। इनमें किसी भी लावारिस बच्चे की फैमिली आईडी बनाने के लिए उसका नाम और उसका आधार नंबर अनिवार्य होगा। उसके परिवार मुखिया के तौर पर किसी का मोबाइल नंबर भी दर्ज कराया जा सकेगा।

एकाकी व्यक्ति के लिए भी पोर्टल पर अलग से फैमिली आईडी का ऑप्शन दिया है। इसमें उसके परिवार के तौर पर सिर्फ वह अकेला मुखिया और सदस्य भी वही होगा। ऐसे व्यक्ति द्वारा अपनी अलग से फैमिली आईडी की सरल केंद्र पर रिक्वेस्ट डालने के बाद मानव सूचना संसाधन विभाग की एक टीम उसकी फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए मौके पर पहुंचेगी। वह व्यक्ति वास्तव में किसी के साथ नहीं रहता है और अलग से उसका घर और बिजली मीटर भी लगा हुआ है टीम यह भी जांच करेगी। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद उसकी फैमिली आईडी बनेगी।




### परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर ऑप्शन शुरू

मानव सूचना संसाधन विभाग के भिवानी में कार्यरत जिला प्रबंधक खुशवंत सिंह बताते हैं कि बाल सेवा आश्रम में रहने वाले लावारिस बच्चों के लिए भी परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर आप्शन शुरू किए गए हैं। इसके बाद भिवानी में 15 लावारिस बच्चों की फैमिली आईडी भी स्पेशल केस के तौर पर बनाई गई है। इसी तरह एकाकी व्यक्ति की फैमिली आईडी भी बनाई जा रही है, मगर उससे पहले उसकी फिजिकल वेरिफिकेशन कराई जाएगी। परिवार पहचान पत्र पर लगातार पोर्टल में ऑप्शन अपडेट किए जा रहे हैं। इसके बाद अगली कार्रवाई की जाती है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।